रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 24 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-302 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर का निधन



**महासमुंद।** महासमुंद के पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर का निधन हो गया है। वह वर्ष 1985 में ग्राम पंचायत धनसुली के निर्विरोध सरपंच चुने गये यही से उनकी राजनीतिक शुरुआत हुई। 1993 में मध्यावधि चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बनाया गया, वह विजयी होकर बिधायक बने जो 2003 तक बिधायक रहे 2008 से 2013 तक पुनः विधायक रहे। भूमि विकास बैंक एव जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष रहे छ ग शासन में बीज़ विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे।

### मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा है कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इबारत लिखी। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

### बस्तर में नक्सलियों ने शुरू किया नकली नोट छापना

**सुकमा।** बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाये जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये नकली नोट बनाने का उपकरण, कलर प्रिंटर मशीन, इन्वर्टर मशीन, कलर इंक एवं 50, 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट के सैम्पल तथा भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन पोच, नक्सली काली वर्दी कपड़ा एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री बरामद किया गया।

## सीबीआई ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मामला दर्ज किया

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) (यूजी) में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं। यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षडयंत्र, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, विश्वासघात और उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का प्रयास करना शामिल है। मंत्रालय ने सीबीआई से परीक्षा के आयोजन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका, यदि कोई हो, की जांच करने तथा घटनाओं के पूरे दायरे और बड़ी साजिश की जांच करने का अनुरोध किया है। सीबीआई ने तदनुसार एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा जा रहा है जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।

## आईईडी विस्फोट में दो जवान शहीद, कई घायल



पायनियर संवाददाता < बीजापुर/सुकमा
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के सिलगेर इलाके में रविवार को नक्सलियों ने जवानों के ट्रक पर शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट किया जिसमें में दो जवान शहीद हो गए जबकि कई अन्य घायल हो गये। जिले के एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। सिलगेर इलाके में जवान नक्सलियों के तलाश अभियान पर निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने उनके ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। नक्सलियों के इस हमले में दो जवान शहीद हो गए जबकि कई जवान घायल हो गए।

घायल जवानों को इलाज के अस्पताल लाया गया। वहीं नक्सली हमले की सूचना मिलते ही अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया। इलाके में अब तलाश अभियान तेज कर दिया गया है। वहीं आईईडी ब्लास्ट में दो कोबरा जवानों की शहादत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रख्यात शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस के अवसर पर नमन किया है। अपने निवास कार्यालय में उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व समर्पण, निष्ठा और राष्ट्रप्रेम से भरा था। उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणदायी हैं। उनके दृढ़ सिद्धांतो और चिंतन ने युवाओं को नई दिशा दिखाई। वे अगाध राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए समर्पित भावना के कारण सदैव चिरस्मरणीय रहेंगे। उनके आदर्शों पर चलते हुए हम समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

## भाजपा 25 को मनाएगी आपातकाल का काला दिवस
## रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे शिरकत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आपातकाल का काला दिवस आयोजन समिति के प्रांत संयोजक सच्चिदानंद उपासने ने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी। कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया। उस काले अध्याय को देश की जनता को स्मरण कराने भाजपा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाती है। संयोजक



उपासने ने बताया कि इस वर्ष भी 25 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रमों में विषय प्रतिपादन हेतु राजधानी रायपुर में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रमुख प्रवक्ता लोकतंत्र सेनानी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने होंगे। इसी प्रकार बस्तर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायगढ़ में उप मुख्यमंत्रीअरुण साव, बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रायपुर ग्रामीण में मंत्री टंक राम वर्मा, बालोद में मंत्री केदार कश्यप, कोंडागांव में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी, बलौदाबाजार में विधायक मोतीलाल साहू, गरियाबंद में चंद्रशेखर साहू, महासमुंद में लक्ष्मी वर्मा, जशपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, धमतरी में प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, भिलाई में राम प्रताप सिंह, दुर्ग में विधायक पुरंदर मिश्रा, बेमेतरा में राजीव अग्रवाल, राजनांदगांव में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, मोहला मानपुर में श्रीचंद्र सुंदरानी, खैरागढ़ में महामंत्री भारत लाल वर्मा, कवर्धा में डॉ. जे.पी. शर्मा, कांकेर में निरंजन सिन्हा, नारायणपुर में भरत मटियारा, दंतेवाड़ा में गौतम गोलछा, सुकमा में डॉ. सुभाऊ कश्यप, बीजापुर में महेश गगडा, गौरेला पेंड्रा मरवाही में हितानंद अग्रवाल, मुंगेली में भूपेंद्र सवन्नी, सक्ती में रजनीश सिंह, जांजगीर चांपा में धरमलाल कौशिक, कोरबा में लखन लाल साहू, सारंगढ़ में अशोक बजाज, सरगुजा में रामसेवक पैकरा, सूरजपुर में अनुराग सिंह देव, बलरामपुर में राजा पांडे, महेंद्रगढ़ में मेजर अनिल सिंह, कोरिया में चंपा देवी पावले, मुख्य वक्ता होंगे।

### इसरो ने आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग प्रयोग पूरा किया

**बेंगलुरु (वार्ता)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा किया नया मील का पत्थर स्थापित किया है। । कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स -03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक है, और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

## अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों की ऐतिहासिक जीत

वार्ता < किंग्सटाउन
www.dailypioneer.com

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफे र करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारुप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया है वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूनामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। अगर अफगानिस्तान, बंगलादेश को हरा देता हैं और भारत, ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच





जायेगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फै सला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी करते हुए पारी की शानदार शुरुआत की। 16वें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने रहमानउल्लाह गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रहमानउल्लाह गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। इसके बाद 17वें ओवर में एडम जम्पा ने अजमतउल्लाह उमरजई (2) को आउट कर दूसरी और इसी ओवर की आखिर गेंद पर इब्राहिम जदरान को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरी सफलता दिलाई। इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली। करीम जनत (13), कप्तान राशिद खान (2) और गुलबदीन नईब (शून्य) पर आउट हुये।

### केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन 'जीरो कैजुअल्टी अप्रोच' के साथ आगे बढ़ रहा है

## शाह ने की बाढ़ की समस्या से निपटने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन 'जीरो कैजुअल्टी अप्रोच' के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल



जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्यन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतरराष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूवार्नुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों।

उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और पर्यावरण मंत्रालय को आग लगने से पहले ही इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए नियमित रूप से फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ समय-समय पर मॉक ड्रिल करने की ज़रूरत पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक ही स्थान पर बार-बार आग लगने की घटनाओं का विश्लेषण करने को भी कहा। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं से निपटने के लिए विस्तृत मैनुअल तैयार करने को भी कहा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने बिजली गिरने को लेकर मौसम विभाग की चेतावनियों को विभिन्न माध्यमों से समय पर जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकसित मौसम, वर्षा और बाढ़ चेतावनी संबंधित ऐप को एकीकृत किए जाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जिससे इनका लाभ लक्षित आबादी तक पहुंच सके। शाह ने निर्देश दिया कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में तालमेल होना चाहिए तथा इन्हें एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि इनका अधिकतम प्रभाव हो सके। बैठक के दौरान भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं।

## उरी में सेना ने घुसपैठिये को मार गिराया



**श्रीनगर (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना ने रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किये गये घुसपैठ विरोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। मारे गये आतंकवादी की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के गोहालन उरी में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना ने जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। सूत्रों ने कहा, घुसपैठियों को चुनौती दी गयी, जिस पर उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गयी। सेना ने बताया कि अभियान अब भी जारी है।

## तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच हो : सीतारमण

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वित्त मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने यहां यूनीवार्ता से कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा, 'मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार द्वारा संचालित 'तस्माक' दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।' उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

# पेपर लीक, रद्द या स्थगित होना बन गई है भाजपा सरकार की कार्यशैली : कांग्रेस

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बड़ी परीक्षाओं को पेपर लीक के कारण रद्द करना मोदी सरकार की कार्यशाली बन गई है लेकिन पेपर रद्द करना और अधिकारियों को बदलना इस समस्या का समाधान नहीं है इसलिए इस दिशा में भेदभाव रहित तरीके से काम करने और सबके हित कदम उठाने की जरूरत है। खड़गे ने कहा, नीट घोटाले में ज़िम्मेदारी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के इर्दगिर्द आकर रुकती है। नौकरशाहों में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। एनटीए को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था लेकिन वास्तव में इसे भाजपा तथा आरएसएस के कुटिल हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया था। छात्रों को



न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। पिछले 10 दिनों में चार परीक्षाएं या तो रद्द या स्थगित की गई हैं। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया ने हमारी शिक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर ली है। देर से की गई लीपापोती की कवायद का अब कोई फायदा नहीं है क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं। वाड्रा ने कहा, नीट-पीजी पेपर लीक, नीट-पीजी रद्द, यूजीसी-नेट रद्द, सीएसआईआर-नेट रद्द। आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढाँचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा- व्यवस्था की पहचान बना दिया है। हालत ये हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। उन्होंने कहा, युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है। देश के काबिल युवा अपना सबसे कीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।

# राजस्थान के मंत्री ने कहा भंडारी सादा जीवन, उच्च विचार के प्रतीक थे

वार्ता ‹ अजमेर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि दिवंगत सुंदर सिंह भंडारी 'सादा जीवन और उच्च विचार' के प्रतीक थे। चौधरी अजमेर शहर भाजपा की ओर से भंडारी की पुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी में कहा कि उन्होंने युवाओं को अपने राष्ट्रवादी विचारों से राष्ट्रनिर्माण के कार्यों के लिए प्रेरित किया और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उनकी लोकतंत्र में गहरी आस्था थी और आपातकाल के विरुद्ध जनचेतना जागृत करने में उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही। दिवंगत भंडारी का जीवन राष्ट्रप्रथम की प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। उन्होंने कहा कि भंडारी राष्ट्र प्रथम को सर्वोपरि ध्येय माननेवाले, जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक एवं भाजपा के प्रेरणास्रोत रहे हैं। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि भंडारी जी की सादगी, सहजता और वैचारिक स्पष्टता अनुकरणीय है। वह सदैव हमें प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव ने कहा कि राजस्थान से भंडारी जी का ख़ास जुड़ाव रहा था। सुन्दरसिंह भंडारी का जन्म 12 अप्रैल 1921 को उदयपुर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुजान सिंह के घर पर हुआ था।

## पीयूडीआर ने 'कानून, न्याय और लोग' रिपोर्ट जारी की

**चंडीगढ़।** पीपल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (पीयूडीआर) ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट 'कानून, न्याय और लोग' जारी की है। पीयूडीआर के सचिव जोसेफ मथई और परमजीत सिंह के रविवार को यहाँ जारी बयान के अनुसार पिछली लोकसभा के पिछले साल शीतकालीन सत्र में उक्त विधेयक पारित किए गए जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), कानून प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) का स्थान लेंगे। पीयूडीआर ने नागरिक स्वतंत्रताओं के नजरिए से नई संहिताओं के कुछ प्रावधानों का अध्ययन/विश्लेषण कर यह रिपोर्ट जारी की है।

# प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना अप्राकृतिक यौनाचार के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी ‹ होलेनरासीपुर
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा, अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के बाद हिरासत में लिये गये जद-एस नेता कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी पार्टी से निष्कासित सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज कर दिया है और उन्हें 'राजनीति से प्रेरित' करार दिया है। घटना 16 जून को होलेनरासीपुर तालुक के गन्निकाडा गांव में सूरज रेवन्ना के फार्महाउस पर हुई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विधायक ने उसे 'समलैंगिक कृत्य' के लिए मजबूर किया। होलेनरासीपुर पुलिस के प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर पीड़ित ने बेंगलुरु



में पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करायी। पुलिस महानिदेशक ने हासन के पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 377, 342 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि सूरज रेवन्ना ने युवक को घटना के बारे में बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। जद-एस नेता ने कथित तौर पर तीन लोगों की हत्या करने का दावा किया और शिकायतकर्ता के परिवार को मारने की धमकी दी। उन्होंने अपने परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया कि उनके दादा पूर्व प्रधानमंत्री और उनके चाचा केंद्रीय मंत्री थे। आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने दावा किया कि ये राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, आरोप निराधार हैं। हमने आरोप लगाने वाले के खिलाफ जवाबी शिकायत भी दर्ज की है। सच्चाई जल्द ही सामने आ जाएगी। होलेनरासीपुर ग्रामीण पुलिस पीड़ित की ओर से लगाए गए ब्लैकमेल के आरोपों से संबंधित पूछताछ के लिए शनिवार शाम को सूरज रेवन्ना को उनके फार्महाउस से हासन के साइबर, आर्थिक और नारकोटिक्स (सीईएन) थाने ले आई। संबंधित मामले में, सूरज रेवन्ना के भाई, प्रज्वल रेवन्ना वर्तमान में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में पुलिस हिरासत में हैं। प्रज्वल रेवन्ना को 31 मई को जर्मनी से लौटने पर गिरफ्तार कर लिया गया था, जहां वह अपने खिलाफ दुष्कर्म और धमकी के कई मामले दर्ज होने के बाद रह रहे थे। उनके माता-पिता, एचडी रेवन्ना और भवानी भी जमानत पर हैं, उन पर प्रज्वल रेवन्ना के कथित यौन उत्पीड़न की पीड़िता के अपहरण और उसे हिरासत में रखने का आरोप है।

# पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में नौ लोग गिरफ्तार


पायनियर संवाददाता ‹ अलवर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अलवर के एनईबी थाने के आदतन अपराधी फिरोज खान द्वारा पुलिस के साथ मारपीट कर पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ कर भागने के मामले में रविवार को पुलिस एक्शन में दिखाई दी और उम्मीद जताई जा रही है कि अब इसके घर बुलडोजर चलाया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान के मामले में 24 लोगों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया है और सभी के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीमें इन बदमाशों का पीछा कर रही हैं। इस मामले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार किए गए हैं। मुख्य आरोपी फिरोज खान अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जितने भी लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं उनके संपत्तियों की जांच की जा रही है इस मामले में मुख्य आरोपी फरार है। परिवार के लोग मकान को छोड़कर भाग गए हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। वैशाली नगर थाना क्षेत्र स्थित मन्नाका इलाके में जहां यह वारदात हुई थी वहां पर पुलिस छावनी बना हुआ है क्योंकि नगर विकास न्यास और राजस्व विभाग द्वारा उनके मकान और संपत्तियों की जांच की जा रही है और पाया गया है कि उनके निर्माण में कुछ सरकारी जमीन आई हुई है। जिस पर विभाग नियमानुसार कार्रवाई करेगी। राजस्व विभाग और यूआईटी उस पर नियम अनुसार कार्रवाई करेगी।

# कन्नौज में एक्सप्रेस वे से नीचे गिरी बस, 14 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ‹ कन्नौज
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार सुबह सवारियों से भरी डबल डेकर लग्जरी बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गई। दुर्घटना में 25 यात्री घायल हुए जिनमें से 14 की हालत गंभीर बनी हुई है। जौनपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 159 के पास अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। घटना सुबह 4 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने पर छिबरामऊ सीओ ओमकार नाथ शर्मा पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। गम्भीर रूप से घायल 14 लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि मामूली घायल 11 लोगों को सीएचसी सौरिख में भर्ती कराया है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में शामिल हैं: जंग बहादुर पुत्र कंचन राम यादव (52) निवासी ग्राम मुलनापुर थाना



बदलापुर जिला जौनपुर, लकी बिंद पुत्र यशवंत बिंद (18) निवासी ग्राम रसड़ा थाना बरदह जिला आजमगढ़, इशिका पुत्री पंकज कुमार (08) निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, सत्यम पत्नी पंकज कुमार (33) वर्ष निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, आराधना पुत्री कृपा शंकर (26) निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा, फरहान पुत्र कल्बे आबिद उमर (25) निवासी कायामुद्दीनपुर शेखपुरा थाना अकबरपुर अम्बेडकर नगर, काजल तिवारी पुत्री राहुल तिवारी (26) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राहुल तिवारी पुत्र विजय तिवारी (29) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राघव तिवारी पुत्र राघवेंद्र तिवारी (9 माह) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, इला द्विवेदी पुत्री राघवेंद्र प्रसाद (24) निवासी ऊंचगांव थाना धमोर जिला सुल्तानपुर, विकास मौर्य पुत्र रमेश चंद्र मौर्य (24) निवासी रामदासपुर निवादा थाना लाइन बाजार जिला जौनपुर, पूर्णिमा मौर्य पत्नी सुनील कुमार मौर्य (26) निवासी बरसठी थाना बरसठी जिला जौनपुर, शिवम पुत्र राधेगोपाल (24) निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा, अनीता सिंह पुत्री राघवेंद्र सिंह (23) निवासी जलालपुर जिला जौनपुर शामिल हैं। हादसे के समय बस में कुल 45 लोग सवार थे। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के अनुसार चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है।

# शराब पीने का निर्णायक सबूत नहीं है ब्रेथ एनालाइजर रिपोर्ट : उच्च न्यायालय

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में कहा कि ब्रेथ एनालाइजर रिपोर्ट को शराब पीने का निर्णायक और पुख्ता सबूत नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति बी. चौधरी ने बिहार के सुपौल जिले में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कार्यालय के लिपिक प्रभाकर कुमार सिंह को ड्यूटी के दौरान शराब पीने के आरोप में बर्खास्त किए जाने के संबंध में दायर याचिका की सुनवाई के बाद अपने फैसले में कहा कि ब्रेथ एनालाइजर रिपोर्ट आरोपित के शराब पीने का अनुमान लगाने का आधार नहीं हो सकती।

वहीं, रक्त और मूत्र के नमूनों की प्रयोगशाला जांच इस निष्कर्ष पर पहुंचने का आधार हो सकती है। अदालत ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी कई मामलों में फैसला सुनाया है कि ब्रेथ




एनालाइजर रिपोर्ट किसी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी सजा देने का आधार नहीं हो सकती। याचिकाकर्ता और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुपौल के जिलाधिकारी के 11 जनवरी 2020 के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एसडीओ कार्यालय में तैनात लिपिक प्रभाकर सिंह को बर्खास्त कर दिया गया था। न्यायालय ने बताया कि मामले में प्रभाकर सिंह को दोषी पाए जाने से पहले कोई रक्त परीक्षण और मूत्र परीक्षण नहीं किया गया था। सिंह को ड्यूटी के दौरान शराब पीने का दोषी पाया गया था और विभागीय कार्यवाही के बाद उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

# अगरतला में नौ और बंगलादेशी नागरिक हिरासत में लिए गए

एजेंसी ‹ अगरतला
www.dailypioneer.com

रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर छह महिलाओं सहित कम से कम नौ बंगलादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को दिल्ली और बेंगलुरु जाने वाली ट्रेनों में चढ़ने से पहले हिरासत में लिया गया है। जीआरपी सूत्रों ने बताया कि शनिवार को हिरासत में लिये गये बंगलादेशी नागरिकों की उम्र 20 से 45 साल के बीच है और वे अवैध रूप से त्रिपुरा में घुसे थे। वे नौकरी की तलाश में दिल्ली, बेंगलुरु और गुजरात जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए अगरतला रेलवे स्टेशन आये थे। हिरासत में लिये गये



लोगों को पुलिस को सौंप दिया गया और रविवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो महीने से भी कम समय में त्रिपुरा में 54 बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया और ये सभी अवैध मार्गों से भारत में घुसे थे और देश के अन्य हिस्सों में नौकरी की तलाश में निकलने वाले थे। राज्य पुलिस ने हालांकि भारत-बंगलादेश सीमा पर 95 प्रतिशत तार बाड़ लगाने और कड़ी सुरक्षा निगरानी के बावजूद बंगलादेश से लगातार घुसपैठ के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जिम्मेदार ठहराया है।

# कार्यकर्ता राजग सरकार की नाकामियों के मुद्दे प्रमुखता से उठाएं : राठौड़

वार्ता ‹ अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे एक जुटता से केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और राज्य सरकार की नाकामियों के मुद्दे प्रमुखता से उठायें। राठौड़ अजमेर सर्किट हाऊस में शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर ब्लाक बी के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित रहे थे। उन्होंने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही। साथ ही जनहित से जुड़े मुद्दों और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देशन में देशभर सहित राजस्थान में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य में भी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की और 11 सीटें जीती है। अब हमें जनहित के मुद्दे उठाते हुए आगामी होने वाले नगर निगम, जिला परिषद और पंचायत राज के चुनाव में कड़ी मेहनत कर इस जीत को बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि एकजुटता के साथ हम सभी को आगे बढ़ना है और केंद्र की राजग और राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर करना है और सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज को उठाना है।

# मोहन यादव ने गौवध अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में हाल ही में सिवनी जिला और कुछ अन्य स्थानों पर गौवंश की हत्याओं के मामले प्रकाश में आने के बाद आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सभी जिलों को गौवध अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। डॉ यादव ने यहां मीडिया से चर्चा में कहा कि सिवनी जिले की घटना में भी कठोर कार्रवाई की गयी है। पुलिस महानिरीक्षक स्तर के एक अधिकारी को वहां पर भेजा गया है। राज्य सरकार कानून और



व्यवस्था को लेकर काफी गंभीर है। सभी जिलों को निर्देश हैं कि गौवध अधिनियम के तहत इससे जुड़े अपराधियों के खिलाफ सख्त सख्त से कार्रवाई की जाए। इसकी निगरानी राज्य स्तर पर की जाएगी। इस मामले में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राज्य में हाल ही में कुछ स्थानों पर गौवंश की हत्याओं के संदर्भ में कहा कि लगभग एक माह में साढ़े पांच सौ से ज्यादा प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। सात हजार से अधिक गौवंश को बचाया गया है। सैकड़ों लोगों पर कार्रवाई की गयी है। इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। सिवनी जिले की घटना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह अन्य राज्य की सीमा से लगा क्षेत्र है और वहां कुछ बड़ी घटना हुयी है। इस मामले में भी सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है।

# बायजू ने फंड के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध को हाईकोर्ट में दी चुनौती

वार्ता ‹ बेंगलुरू
www.dailypioneer.com

शिक्षा क्षेत्र की टेक कंपनी बायजू अपनी कानूनी लड़ाई को कर्नाटक उच्च न्यायालय में ले गयी है और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के उस फैसले को चुनौती देने के लिए तत्काल एक याचिका दायर की है, जिसमें कंपनी को अपने दूसरे चरण में जुटाए गए धन का उपयोग करने से रोक दिया गया है। कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए 13 मई से 13 जून तक एक महत्वपूर्ण धन उगाही अभियान चलाया, लेकिन एनसीएलटी के फैसले ने कंपनी को इन फंडों तक पहुंचने से रोक दिया, जिससे कंपनी को गहरा झटका लगा। पर्दे के पीछे बातचीत जारी रही क्योंकि कंपनी ने अपने वित्तीय बोझ को कम करने के उद्देश्य से टेलीपरफॉर्मेंस और सर्फर टेक्नोलॉजीज जैसे प्रमुख लेनदारों के साथ समझौते की पहल की किया। इस बीच, इसके अंतरराष्ट्रीय परिचालनों की जांच तेज हो गई खासकर अमेरिका में, जहां इसकी सहायक कंपनी को बढ़ती कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ा। एक समय 22 अरब डॉलर के मूल्यांकन का दावा करने वाली बायजू की हालिया स्थिति में गिरावट आई है, जिसमें एचएसबीसी ने चल रही उथल-पुथल के बीच कंपनी में प्रोसस की पर्याप्त हिस्सेदारी का मूल्यांकन शून्य कर दिया है। इन चुनौतियों के बीच एड टेक फर्म ने अपने लगातार राजस्व संग्रह के माध्यम से समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करके एक मामूली जीत हासिल की जो प्रतिकूल समय के दौरान स्थिरता का एक संकेत है।

# अमरनाथ यात्रियों को एएनई द्वारा किसी भी नुकसान से बचाएं

वार्ता ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बर्डी ने तीर्थयात्रा के दौरान राष्ट्र-विरोधी तत्वों (एएनई) द्वारा तीर्थयात्रियों को किसी भी नुकसान से बचाने के लिए उचित और निरंतर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया है। बावन दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी। पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के अधिकारियों के साथ शनिवार को एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बर्डी ने तीर्थयात्रियों को एएनई द्वारा किसी भी नुकसान से बचाने के लिए उचित, मजबूत और निरंतर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर जोर



दिया। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने शनिवार को यात्रा मार्ग और विभिन्न शिविर स्थलों पर की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए नवयुग सुरंग से चंदनवारी तक का भी दौरा किया। सुरक्षा बंदोबस्त के निरीक्षण का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के लिए एक सुरक्षित और निर्बाध तीर्थयात्रा सुनिश्चित करना था। सुरक्षा उल्लंघनों को रोकने के लिए कड़ी निगरानी और गश्त पर जोर दिया गया। आईजीपी कश्मीर द्वारा विभिन्न शिविर स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण में निगरानी प्रणालियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल के अलावा, ऑन-ग्राउंड तैनाती, एक्सेस कंट्रोल, एएस चेक टीमों और उनके सामान का मूल्यांकन शामिल था। आईजीपी ने उच्च स्तर की सतर्कता और तैयारी बनाए रखने में पुलिस और सीएपीएफ के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें यात्रा की पूरी अवधि के दौरान इसी भावना को बनाए रखने पर जोर दिया।

# यूपी में खामियों को मिलकर करेंगे दूर : भूपेंद्र चौधरी

एजेंसी ‹ बहराइच
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने भूपेंद्र चौधरी कहा कि उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव के परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए,सब मिलकर खामियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। जिले के महसी विधानसभा क्षेत्र में आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने यहां पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए । ऐसा क्यों हुआ इसकी हम लोग लगातार समीक्षा कर रहे हैं ।क्या खामियां रही इस पर मंथन चल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने



महंत राजू दास की सुरक्षा हटाए जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख की ओर से की गई टिप्पणी पर बोलते हुए कहा कि ये वही लोग हैं,जो सनातन धर्म पर, साधु संतो पर हमेशा आपत्तिजनक बयानबाजी करते रहते हैं। चौधरी ने कहा हम लोग अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लगातार उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणामों को लेकर समीक्षा कर रहे हैं। हमे लगता है की हम लोग सरकार की और से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बेहतर तरीके से समझा नही पाए। इस मौके पर महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह, ब्लॉक प्रमुख रमाकर पांडे, अखंड प्रताप सिंह समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजीविका अवसरों को बढ़ाने के मिशन पर पीपीआई

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com





बीजापुर भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण जिलों में से एक में सरकारी कामकाज को मजबूत करने के एक ठोस प्रयास में पब्लिक पॉलिसी इन एक्शन (पीपीआईए) कार्यक्रम के प्रोफेशनल बीजापुर छत्तीसगढ़ में पर्याप्त प्रगति कर रहे हैं। यह पहल भारत जैसे अत्यधिक स्तरीकृत समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां वंचित लोग शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पानी और स्वच्छता जैसी आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

बीजापुर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के सहायक कार्यक्रम अधिकारी मनीष सोनवानी ने पीपीआई, कार्यक्रम की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा पीपीआई, एक गहन परिवर्तन नेतृत्व कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य युवा प्रोफेशनल को कौशल और प्रेरणा से लैस करना है। देश में कुछ सबसे कठिन विकास चुनौतियों से निपटने के लिए इसकी आवश्यकता है। ये प्रोफेशनल बड़े लोक कार्यक्रमों की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी पर रणनीतिक इनपुट प्रदान करने के लिए वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित जिला बीजापुर में जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करते हैं। इके द्वारा सहयोग किए जा रहे प्रमुख पहलों में एम 25, लखपति दीदी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम शामिल हैं।

राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) जैसी तकनीकी सहायक संस्था द्वारा समर्थित, पीपीआई, प्रोफेशनल को स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकासात्मक परिणाम प्राप्त करने में जिला प्रशासन की सहायता करने के लिए सहयोग भी दिया जाता है। जिस से सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा, बुनियादी सेवाएँ, डेटा-संचालित शासन और सार्वजनिक प्रणाली वितरण में सुधार संभव हो सके।

पीपीआईए प्रोफेशनल सुश्री दिव्या नेगी और सूरज मिश्रा ने जिले की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रम की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी को बढ़ाने में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि हम योजना, समन्वय, निगरानी, दस्तावेज़ीकरण और रिपोर्टिंग सहित व्यापक कार्यक्रम प्रबंधन के माध्यम से सिस्टम संवर्द्धन का समर्थन करते हैं। इसके अतिरिक्त हम गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत एससीए, आरआरपी, आरसीपी और मोबाइल टॉवर परियोजनाओं जैसी प्रमुख योजनाओं के लिए निर्बाध डेटा प्रवाह सुनिश्चित करते हैं और प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) का प्रबंधन करते हैं। राज्य और जिला प्राथमिकताओं के साथ हमारा रणनीतिक संरेखण, विशेष रूप से आकांक्षी जिला कार्यक्रम, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम, डीएवाई. एनआरएलएम और एमजीएनआरईजीएस के ढांचे के भीतर महत्वपूर्ण है।

डिप्टी कलेक्टर और जिले के लिए नीति आयोग के नोडल अधिकारी, उत्तम पंचारी ने पीपीआईए प्रोफेशनल की सराहना की और कार्यक्रम डिजाइन और वितरण के लिए उनके अभिनव, साक्ष्य.आधारित दृष्टिकोण के बारे में बताते हुए कहा, उनके प्रयासों ने संदर्भ, संस्थानों, एजेंटों और घटनाओं से जुड़ी जटिल परिवर्तन प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सोच के नए प्रतिमानों की शुरुआत की है। उनके एवं सबंधित विभागों के योगदान से नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम में जिले को उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। जिसमें बीजापुर की राष्ट्रीय रैंकिंग ओवरऑल 5वीं रैंक (जनवरी 2023), ओवरऑल 5वीं रैंक (अप्रैल 2023), और ओवरऑल 5वीं रैंक (जनवरी 2024) के साथ-साथ विभिन्न थीम यथा वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में दूसरी रैंक (अगस्त 2022), वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में पहली रैंक और स्वास्थ्य और पोषण में चौथी रैंक (जनवरी 2023) और वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में पहली रैंक (जनवरी 2024)।

पीपीआईए प्रोफेशनल का एक महत्वपूर्ण फोकस सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से पहल करना है। इसमें शिक्षा और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस (वीएचएसएनडी), सहज सेवा केंद्र, सामुदायिक किराया केंद्र, फील्ड किसान स्कूल और प्रदर्शन योग्य कृषि भूमि शामिल हैं। वे बैंकिंग लिंकेज और वृद्धावस्था पेंशन और स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) शौचालय जैसी व्यक्तिगत लाभ योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए भी परिश्रमपूर्वक काम करते हैं।

एक उल्लेखनीय पहल मिशन 25 मिलियन लखपति महिला किसान कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्य परिवारों, युवाओं और अन्य कमजोर समुदायों की आजीविका को बढ़ाना है। यह पहल एसएचजी सदस्यों की आय को प्रति वर्ष 1 लाख रुपये से अधिक तक बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी, बैंकों और मत्स्य पालन जैसे विभागों के साथ अभिसरण करती है। आजीविका गतिविधियों में विविधता लाने और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को विकसित करके यह कार्यक्रम बिचौलियों को खत्म करना चाहता है, जिससे परिवारों के लिए आय के अवसर बढ़ सकें ।

ग्रामीण समुदायों को एकजुट करके और क्षमता निर्माण करके, पीपीआईए प्रोफेशनल गरीबी में फंसे हुए लोगों को प्रशासन के साथ मांग रखने, सार्वजनिक संसाधनों के सदुपयोग करने और सामुदायिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाते हैं। वे मौजूदा योजनाओं, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), उद्योग और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से निवेश और राजस्व का लाभ उठाते हुए, आर्थिक विकास के अवसरों की कुशलता से पहचान करते हैं और जुटाते हैं।

स्थानीय विभागों के सहयोग से निरंतर निगरानी और डेटा प्रबंधन के माध्यम से, पीपीआईए प्रोफेशनल न केवल बीजापुर के निवासियों की आजीविका बढ़ा रहे हैं, बल्कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी शासन और विकास के लिए एक मानक भी स्थापित कर रहे हैं।

## जन्मदिन पर पत्रकार विहान दुर्गम ने किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के भरत विहान दुर्गम ने अपने जन्मदिन पर न सिर्फ रक्तदान किया बल्कि पौधारोपण कर वृक्षारोपण जन आंदोलन में हिस्सा लेने में पर्यावरण को हरा-भरा रखने का एक संदेश भी दिया।पत्रकार और सोशल मीडिया इंफ्लूसेंर भरत विहान दुर्गम पिछले 6 वर्षो से अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते चले आ रहे हैं।जन्मदिन में जिस जिला में रहते है उसी नज़दीकी प्राइवेट हो या सरकारी हॉस्पिटल जाकर ब्लड डोनेट करते है। इसके साथ ही उनके द्वारा पौधारोपण भी किया जाता है। इस वर्ष भी उन्होंने अपने जन्मदिन पर बीजापुर के जिला चिकित्सालय में जाकर स्वम से रक्तदान किये। वही भरत विहान दुर्गम बताते है कि इससे उनका 15 बार रक्तदान है जिसको उन्होंने कभी सोशल मीडिया या किसी भी जगह सार्वजनिक नही किया है।पहली दफे दोस्तो और उनके रिश्तेदार के कहने पर अपनी रक्तदान वाली तस्वीर को सोशल मीडिया में साझा किये है ताकि और भी युवा इनको देख मानवीय पहल के लिए रक्तदान करने आगे आएंगे।उन्होंने बताया कि लगभग 6 साल पहले अचानक हमारे मन में भाव आया कि रक्त से किसी की जिंदगी बच सकती है तो लोग अपने जन्मदिन पर तरह-तरह का आयोजन रखकर उसकी खुशियां मनाते हैं। लेकिन हम इससे हटकर कुछ अलग करते हुए अपना जन्मदिन मनायेंगे जिससे लोगों को उसका लाभ मिल सके,रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता।रक्तदान से किसी की जिंदगी बच जाती है अगर किसी मरीज को समय से रक्त मिल जाये। ऐसे में हमने अपने जन्मदिन पर संकल्प लेकर एक यूनिट रक्त को दान करना शुरू किया है इसके साथ कई बार कई अनाथालय या गरीब बच्चो के लिए वस्त्र भी बांटा है।इसके साथ ही धरा को हरा-भरा रखने के लिए पौधारोपण करने लगा।आगे भरत विहान दुर्गम ने कहा कि रक्तदान के बाद क्षेत्र के तमाम स्थानों पर पौधारोपण कर अपने जन्मदिन की खुशियां मनाते चला आ रहा हूं। ऐसा करने पर मानो एक अलग ही लेवल की सुकून मिलती है। समाजसेवी पत्रकार भरत विहान दुर्गम की इस पहल की लोगों ने खूब प्रसंशा की है।आपको बता दे कि भरत दुर्गम बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के आवापल्ली के रहने वाले है।जिन्हें लोग विहान दुर्गम के नाम से भी जानते है,बहुत कम उम्र में अपनी सिखस्थ बीजापुर जिले में युवा पत्रकार के रूप में उभरे है।वही भरत विहान दुर्गम बीजापुर जिले के 2023 के मिस्टर बीजापुर का खिताब भी उन्होंने जीत कर हाशिल किया है।

## कानूनों की जानकारी देने के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




नवीन कानून संहिताओं से नागरिकों को अवगत कराने के लिए जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, नए कानूनों में आम नागरिकों के हितों की रक्षा के साथ ही अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंड के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि, कानून का पालन करना हम सभी का दायित्व है, इसलिए कानूनों की जानकारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, नए कानूनों से महिलाओं के हितों की रक्षा बेहतर ढंग से की जा सकेगी। वहीं कुछ ऐसे अपराधों के लिए भी दंडों का प्रावधान किया गया है, जो पहले के कानूनों में नहीं थे। नए कानून में अपराध की सूचना किसी भी थाने में दिए जाने के साथ ही ई-माध्यम से भी दिए जाने का प्रावधान दिया गया है। वहीं इन कानूनों में अपराध की विवेचना, न्यायिक प्रक्रिया और सहित सभी प्रक्रियाओं के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। पाक्सो एक्ट में दंड को कठोर किया गया है। वहीं कुछ अपराधों के लिए सामाजिक सेवा के दंड का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि, नए कानूनों की जानकारी घर-घर पहुंचे इसके लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार डांडे, लोक अभियोजक प्रदीप झा, फरसगांव अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल विश्वकर्मा, पीएमयू अजीत राना, अभिनय रात्रे, सहित बड़ी संख्या में युवोदय वालंटियर्स, अग्निवीर प्रशिक्षु, शहीद गुण्डाधूर महाविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी व कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत महिलाएं शामिल रहें।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किरंदुल भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



जनसंघ के संस्थापक पण्डित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूण्य तिथि रविवार को किरंदुल मंडल में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया। रामपुर बूथ केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कनिष्ठ सभी कार्यकता पदाधिकारी एवं उपस्थित जनों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के सी मंडल ने कहा कि आज डॉ. मुखर्जी के पावन पुण्यतिथि है। आज ही के दिन 1953 को मुखर्जी ने कश्मीर के धारा 370 के मुद्दे पर अपना बलिदान दिया था। उनका बलिदान स्वतंत्र भारत का ऐसा बलिदान था जिसने उस समय पूरे देश को झकझोर के रख दिया था। अखण्ड भारत के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान देश कभी नहीं भूल सकता।मंडल अध्यक्ष धरमपाल मिश्रा मंडल महामंत्री संजीव दास ने कहा की कश्मीर में धारा 370 हटाना उनका एक सपना था जो वर्तमान में मोदी सरकार ने पूरा किया। 70 साल का वो बदनुमा दाग देश से हमेशा-हमेशा के लिए मिट गया।बीजेपी के द्वारा देश को दिया गया वादा एक देश एक विधान और एक निशान हकीकत बन गया है।कांग्रेस की गलत संधि के कारण कश्मीर और देश के खिलाफ धारा 370 के रूप में कश्मीर पर थोप कर जो साजिश रची गई थी। जिससे अलगाववाद, आतंकवाद को बढ़ावा दिया गया था। उस नाजायज कानून को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से हमेशा के लिए मुक्त हो चुका है,कश्मीर आज विकास और अखंडता के रूप में आगे बढ़ रहा है।इस दौरान श्रद्धांजलि कार्यक्रम के मंडल प्रभारी भावना सक्सेना मंडल अध्यक्ष धरमपाल मिश्रा महामंत्री संजीव दास महामंत्री दीनानाथ ठाकुर आर टी आई संयोजक मनोज छालीवाल अल्प संख्यक जिलाध्यक्ष शेख नजमुल भाजपा उपाध्यक्ष रिंकू राजवंशी विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता के सी मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार सोनी मंत्री आर एन त्रिपाठी महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा महामंत्री सरस्वती डेहरिया कोषाध्यक्ष राजेश वैपरल युवा मोर्चा महामंत्री सुखदेव पोयम बनमाली हरिजन सोनाली दास राजेश सिन्हा नैना बाई छाया गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीआईओपी स्कूल सभागार में किया गया योगाभ्यास



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद के निर्देशानुसार किरंदुल स्थित बीआईओपी सीनियर सेकंडरी स्कूल के सभागार में बुधवार को एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम एनएमडीसी के अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नाड़ी शोधन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम एवं विभिन्न योगाभ्यास किया गया। एनएमडीसी उप महाप्रबन्धक बी के माधव ने कहा कि शारिरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए।मौके पर महाप्रबंधक (विद्युत) एम सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (खनन) एस के कोचर,एस गुहा,विवेक कुमार,ए के सिंह,नरसिम्हा रेड्डी उपस्थित थे।दिनेश साहू द्वारा मंच संचालन किया गया।

### मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लगभग 5 लाख 62 हजार से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य

## मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक धरोहर स्थलों के आसपास किया जाएगा वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी एवं अन्य परम्परागत वन निवासियों का जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ सेवी-अर्जी स्थलों पर अटूट आस्था रखते हैं। देव-माता गुड़ी स्थल के आसपास वृक्षों को देवता समतुल्य मान्यता है, गुड़ी स्थल पर स्थित पेड़ पौधों को संरक्षित रखा जाता है। इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर क्षेत्र के सभी देवगुड़ी, मातागुडी, प्राचीन मृतक स्मारक स्थलों के आसपास लक्ष्य अनुरूप अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण करने की कार्ययोजना है। कमिश्नर श्याम धावड़े ने बताया कि संभाग के सातों जिलों में कुल 7055 देवगुड़ी-मातागुड़ी, जारी 3455 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 2607.200 हेक्टेयर रकबा में 5 लाख 62 हजार 500 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वृक्षारोपण कार्य के लिए जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन देव स्थलों पर फलदार, फुलदार, छायादार पौधे यथा नीम, आम, जामून, करजी, अमलताश व ग्रामवासियों के सुझाव अनुसार पौधों का रोपण विशेष अभियान चलाकर किया जाएगा। वृक्षारोपण के दिन ग्राम प्रमुख, बैगा, सिरहा, पेरमा, मांझी, चालकी, गुनिया, गायता, पुजारी, पटेल, बजनिया, अटपहरिया तथा मान. जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। वृक्षारोपण कार्य वन विभाग के सहयोग से वन महोत्सव कार्यक्रम को 15 जुलाई 2024 तक पौधरोपण कार्य को पूर्ण करवा लिया जाएगा। उन्होंने जिलों के कलेक्टरों को समय- सीमा की बैठक में इसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि बस्तर संभाग में स्थापित आस्था एवं जीवित परम्पराओं के केंद्र मातागुडी, देवगुड़ी, गोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक, सेवा-अर्जी स्थलों को संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 की धारा 3(1) (5) के तहत् देवी-देवताओं के नाम से ग्राम सभा को 3455 सामुदायिक वनाधिकार पत्र प्रदान किये गये हैं तथा 3600 गैर वन क्षेत्र में स्थित देवगुडी, मातागुडी, प्राचीन मृतक

### कमिश्नर ने संभाग के जिलों के लिए लक्ष्य किया निर्धारित

स्मारक एवं गोटूल स्थल को राजस्व अभिलेख में प्रविष्टि किया जा चुका है। कुल 7055 मातागुडी, देवगुडी, गोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक के लिये 2607.20 हेक्टेयर (6466 एकड) भूमि राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि कर संरक्षित किया गया है। उक्त स्थलों में वृक्षारोपण किया जाना है, जिसमें बस्तर जिले में 1643 देवगुडी-मातागुड़ी,जारी 999 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 628.81 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 01 लाख 60 हजार, कोंडागांव जिले में 1410 देवगुड़ी - मातागुड़ी, जारी 1121 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 551.81 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 01 लाख 40 हजार, कांकेर जिले में 1179 देवगुड़ी - मातागुड़ी, जारी 303 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 329.0हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 85 हजार, नारायणपुर जिले में 860 देवगुड़ी - मातागुड़ी, जारी 110 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 225.21 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 51 हजार 500, दंतेवाड़ा जिले में 570 देवगुड़ी - मातागुड़ी, जारी 244 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 231.77 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 51 हजार, बीजापुर जिले में 856 देवगुड़ी - मातागुड़ी, जारी 490 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 385.42 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 10 हजार और सुकमा जिले में 537 देवगुड़ी - मातागुड़ी, जारी 188 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 255.16 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण हेतु अनुमानित लक्ष्य 65 हजार है। संभाग के सातों जिलों में कुल 7055 देवगुड़ी-मातागुड़ी, जारी 3455 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में 2607.200 हेक्टेयर रकबा में 5 लाख 62 हजार 500 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वृक्षारोपण कार्य के लिए जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ जिलों के वन मंडलाधिकारी को आवश्यक सहयोग के लिए निर्देशित किया गया है।

### मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा

**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर और कलेक्टर की बैठक लेकर नवीन न्याय संहिता 1 जुलाई 2024 से लागू होने हेतु आऊटरीच ईवेंट की तैयारी एवं क्रियान्वयन, ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, खरीफ 2024 हेतु खाद एवं बीज का भण्डारण-वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लाभार्थी कृषकों का सेचुरेशन, वर्ष 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन, निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अभियान, राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरण एवं निराकरण हेतु अभियान, राजस्व नक्शों के जिओ रिफरेन्सिंग हेतु प्राप्त सैटेलाईट नक्शों के मिलान-सत्यापन की प्रगति, श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने की प्रगति, वर्ष 2024 में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जब्ती अभियोजन एवं राजसात की प्रगति, नारी शक्ति से जलशक्ति अभियान की तैयारी, सड़क दुर्घटना-आवारा मवेशी पर नियंत्रण हेतु कार्रवाई, विकसित छत्तीसगढ़ 2047 दस्तोवज तैयारी आदि पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# राशन दुकानों मे आनलाईन कनेक्टिविटी सिस्टम सर्वर डाऊन बन सकता है हितग्राहियों की परेशानी

## आनलाईन सिस्टम के साथ साथ स्थिति परिस्थिति वश आफलाइन सिस्टम को भी विकल्प रखा



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानों मे विभिन्न प्रकार के होने वाले धाँधलीयो को रोकने के लिये ईपीओएस मशीन व तौल मशीन दोनो का कनेक्टिविटी सिस्टम लागू किया जो की लगभग कोरोनाकाल के समय से संचालित हो रहा है जो की पहले यह मशीन आफलाइन थी परंतु अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आनलाईन अनिवार्य कर दिये जाने से प्रायः सर्वर डाऊन की समस्या बनी रहती है।

### आनलाईन वितरण प्रणाली के लिये कनेक्टिविटी सिस्टम अनिवार्य

गौरतलब है कि तौल मशीन व ईपीओएस मशीन दोनो के जुडाव से वितरण मे अधिक समय लगता है व वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने से हितग्राहियों व सेल्समैन को परेशानियों का सामना करना पडता है।

### कनेक्टिविटी सिस्टम मे दो बार फिंगर

गौरतलब है कि आनलाईन कनेक्टिविटी सिस्टम होने से दो बार फिंगर व दो बार वजन किया जाता है जबकि राशन का वितरण उसी पैमाने पर होना रहता है जिसके कारण पहले एक दिन मे 200 से 250 राशन कार्डों का वितरण हो जाता था परंतु आज के समय मे मुश्किल से 100 से 120 तक राशन कार्ड हितग्राहियों को ही वितरण हो पाता है।

### बडे राशन दुकानों मे सबसे अधिक समस्या

गौरतलब है कि आनलाईन कनेक्टिविटी सिस्टम जहाँ पर आनलाईन सिस्टम प्रभावी है वही पर लागू किया गया है परंतु उन सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रों मे सबसे अधिक समस्या है जहाँ पर राशन कार्ड हितग्राहियों की संख्या 2000 से अधिक है जिसका सबसे बडी मुख्य समस्या रहता है किसी भी समस्या सर्वर का गायब हो जाना यह तक की वितरण मे 10 ग्राम भी कम या ज्यादा हो जाता है तो कनेक्टिविटी सिस्टम उन्हें स्वीकार नही करता।

### सर्वर कि समस्या सीधे हैदराबाद से जुडा हुआ होना

गौरतलब है कि आनलाईन कनेक्टिविटी सिस्टम के अंतर्गत सर्वर का सिस्टम सम्बंधित जिले से ना होकर सीधे हैदराबाद से जुडा हुआ रहता है जिसका कोई निश्चित समय निर्धारित नही रहता उक्त प्रावधान कोरोनाकाल के समय से प्रभावी रहा है जो की शुरूआत से ही सर्वर से जुडी समस्या बनी रही है उक्त समस्या को ध्यान मे रखते हुये अगर आनलाईन सिस्टम के साथ साथ स्थिति परिस्थिति वश आफलाइन सिस्टम को भी विकल्प रखा जाये तो हितग्राहियों को होने वाली समस्या का निराकरण हो सकता जिसे सर्वर आने पर पुनः रिकॉर्ड मे दर्ज किया जा सके व वितरण प्रणाली मे किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो सके।

### बार बार फिंगर से समय का अपव्यय

गौरतलब है कि पहले राज्य कांग्रेस की सरकार प्रभावी थी व केन्द्र मे विपक्षी पार्टी की सरकार जिसके कारण आपसी तालमेल की कमी के चलते शासन का अपना उप म होने के चलते दो बार फिंगर लगाना पडता था परंतु आज के वर्तमान परिवेश मे केन्द्र व राज्य मे एक ही पार्टी से जुडे शासन का प्रतिनिधित्व प्रभावी है जिसमे आपसी सामंजस्यता के आधार पर आनलाईन वितरण प्रणाली मे फिंगर की अनिवार्यता को एक ही बार प्रभावी बनाकर वितरण प्रणाली मे होने वाली समस्या को सहज व सरल बनाया जा सकता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत आनलाईन कनेक्टिविटी सिस्टम पूरे प्रदेश व देश मे लागू है फिलहाल विषम परिस्थितियों मे आफलाईन सिस्टम का कोई प्रावधान नही रखा गया है।

**-विमल दुबे,**
**जिला खाद्य अधिकारी**
**बलोदाबाजार**

# एकल शिक्षकीय स्कूलें कितनी ?



## विस्तृत जानकारी सहित प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

गंभीरता दिखाई, तो खंड शिक्षा क्षेत्र की आठ प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक अध्यापन कराते नजर आएंगे। यह स्कूलें फिलहाल एक-एक शिक्षकों के भरोसे चल रहीं हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने में चंद दिन रह गए हैं। इसके पूर्व बिना किसी व्यवधान के नया शिक्षा सत्र चालू हो, इसके लिए जिला शिक्षा विभाग ने तैयारी चालू कर दी है। प्रवेश उत्सव की योजना पर काम पूरा कर लेने के बाद जिला मुख्यालय ने अब खंड शिक्षा अधिकारियों से एकल शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी मांगी है।

### आस जागी इन स्कूलों में

115 दर्ज संख्या के साथ, प्राथमिक शाला कोनी सबसे आगे है। एकल शिक्षकीय स्कूलों की सूची में प्राथमिक शाला गोगिया दूसरे नंबर पर है। यहां की दर्ज संख्या 98 है। 95 छात्रों की दर्ज संख्या वाली गोढ़ी सिंगारपुर की प्राथमिक शाला तीसरे नंबर पर है। शहीद वीर नारायण सिंह प्राथमिक शाला रिक्शा कॉलोनी भाटापारा का भी नाम इसलिए दर्ज है क्योंकि यहां 69 छात्र अध्यनरत हैं और शिक्षक मात्र एक। 50 छात्रों के साथ प्राथमिक शाला बेंद्री, 41 दर्ज संख्या वाली प्राथमिक शाला चंदली और ग्राम ढाबाडीह 33 छात्रों के साथ शिक्षक के इंतजार में है।

### दुर्दशा सर्वाधिक

नगर पालिका कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भाटापारा, दर्ज संख्या 273। खंड मुख्यालय में स्थित यह स्कूल, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। एकल शिक्षकीय स्कूलों की सूची में यह नाम इसलिए चौंकाता है क्योंकि पालिका प्रशासन ने स्थिति जानते हुए भी संज्ञान में नहीं लिया है। जनप्रतिनिधियों की फौज है, फिर भी उनकी खामोशी समझ से परे है।

### मांगी जानकारी

नया शिक्षा सत्र चालू होने के पूर्व जिला शिक्षा विभाग ने जिस गंभीरता के साथ एकल शिक्षकीय विद्यालयों की जानकारी मांगी है, वह यदि आगे भी बनी रही, तो निश्चित ही खंड शिक्षा क्षेत्र की 8 स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन को लेकर छात्र, शिक्षक और पालकों में रुझान बढ़ेगा। अब देखना यह है कि इन स्कूलों का संचालन पटरी पर कब तक लौटाया जा सकेगा ?

जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से एकल शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी और प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए कहा जा चुका है। प्रयास कर रहे हैं कि दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती हो सके।

**- हिमांशु भारती, जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदा बाजार**

# पहली बारिश में नगर पालिका की पोल खुली

## बलौदा बाजार में हुई तेज बारिश



**बलौदाबाजार।** बरसात के पहले नगर पालिका द्वारा मेंटेनेंस के तौर पर नाली की सफाई नहीं करी गई थी जिसके कारण तेज बारिश में नाली का गंदा पानी सड़क पर आ गया। रोड में का आवागमन रुक गया लोग लोग नाक बंद करके सड़क पार कर रहे थे बदबू से परेशान हो गए

# रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण, पुराने स्वरूप में लौटा संयुक्त जिला कार्यालय

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



संयुक्त जिला कार्यालय में तेज गति से चल रहे रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण हो गया है। जिससे वह अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी ने व्यापक रणनिति बनाकर इस कार्य को अंजाम दिया है। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग ने 24 घंटे कार्य कर इसे पूरा किया हैं। उक्त कार्य में मजदूरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही परिसर की सफाई सहित क्षति ग्रस्त जिला पंचायत कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में भी शत प्रतिशत रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण होने से कार्यालय में अलग सी चमक दिखाई दे रही है। रेस्टोरेशन कार्य के तहत निर्माण कार्य, पैराफिट,जली हुई एपीसी बोर्ड को हटाना,नया रेलिंग लगाना,पुट्टी के संग रंग रोगन, सीसीटीवी, ब्रांडबैंड, कांच बदलना, एसी पखें लगाना, लाइटिंग, जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए गए है।

# मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंध


पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए मछलियों को संरक्षण देने के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं, उन सभी में किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना अथवा दोनों साथ होने का प्रावधान है। यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ, विशेष शिविर के माध्यम से 31 जुलाई तक बनाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाये जा रहे है। वर्तमान में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हांकित चार ग्राम पंचायतो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 10 लाख 50 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके तथा जिले में अभी भी लगभग 2 लाख कार्ड और बनाये जाने है। इसके लिए जिले में पुनः आयुष्मान कार्ड 31 जुलाई तक बनाये जायेगें. कार्ड बनाने के लिए हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य होगा। साथ ही हितग्राही स्वयं घर बैठे अपने मोबाईल से आसान फॉर्म भरकर बना सकेंगे। मरीजों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को और भी अपग्रेड कर दिया है। पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से लागिन करके अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगे। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए से पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है.इसके लिए पात्रों को पहले अपने नंबर से वेबसाइट को खोलना होगा. आगे




पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकेंगे। पूर्व में किए गए आयुष्मान पंजीयन का पीवीसी आयुष्मान कार्ड ज़िले को राज्य से 2 लाख से अधिक पीवीसी कार्ड प्राप्त हुए है इन पीवीसी कार्ड का वितरण भी आधार बायो ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ज़िले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निःशुल्क किया जा रहा है। परिवार की पात्रता के आधार पर क्रियाशील अंत्योदय कार्ड, प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवार को पांच लाख रूपये तक ईलाज के लिए सालाना सुविधा इन कार्डो से मिलेगी, इसी प्रकार शेष राशन कार्डधारी सामान्य राशन कार्ड परिवारों को सालाना 50 हजार रूपये तक का निःशुल्क ईलाज की सुविधा पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड के द्वारा मिलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले वासियों से आयोजित शिविरों में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है ताकि आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क ईलाज का लाभ लिया जा सके। कैसे बनाये आयुष्मान कार्ड सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्यान ऐप डाउनलोड करें आयुष्यान लॉगिन पर जाएं विकल्प चुनें मोबाईल नंबर दर्ज कर ओटीपी डालकर लॉगिन करे। इसके बाद दूसरा विकल्प आएगा जिस पर स्टेट राशन कार्ड फैमिली आईडी जिला राशन नंबर दर्ज करें। यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाइल उपलब्ध है तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें। यदि आधार लिंक मोबाइल उपलब्ध न हो तो फेस ओथ विकल्प का चयन करें। यदि फिंगरप्रिंट डिवाइस उपलब्ध हो तो फिंगरप्रिंट का चयन करें और प्रक्रिया पूर्ण करें। इसके बाद कैप्चर फोटो का विकल्प पर जाकर अपना क्लोजअप फोटो कैप्चर करें पश्चात मोबाइल नंबर व एड्रेस की जानकारी भरकर सबमिट बटन दबाए। अप्रूवल होने की प्रतीक्षा करें। अप्रूवल होने के बाद आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र या टोल फ्री नं. 104 या 14555 में संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर-एसपी ने की जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा

## ब्लैक स्पॉट का करें शीघ्र चयन, सड़क दुर्घनाओं में कमी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार जिलें के कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिलें के कानून व्यवस्था को लेकर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को जमीनी स्तर में सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए पुलिस की गश्ती बढ़ाने पर के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने गांवों में समय-समय पर शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कराने, धार्मिक स्थलों पर सतत रूप से निगरानी रखने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। कलेक्टर सोनी ने कहा रैली, धरना एवं प्रदर्शन करने या अनुमति प्राप्त करने से पहले आयोजन एवं व्यक्ति को अनिवार्य रूप से शपथ पत्र सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा, उसके बिना अनुमति नही दी जाएगी एवं उक्त नियमो के पालन नही करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में दीपक सोनी ने कहा की गांवों में किसी प्रकार की विवाद या समस्या होने की जानकारी मिलने पर तत्काल तहसीलदार एवं थानेदार साथ ही गांव ही पहुंचकर समस्या का निराकरण करें। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में भी किसी भी प्रकार विवाद होने पर वन विभाग के द्वारा भी तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। सोनी ने कहा राजस्व एवं पुलिस अमला प्रशासन की रीढ़ है अतः आप सभी आपस में समन्वय के साथ बेहतर कार्य करें। इसके साथ ही जिलें में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करवाते सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास करे। इसके लिए आप सभी त्वरित रूप से जिलें में जितने भी ब्लैक स्पॉट है, उनका चिन्हांकन शीघ्र करें। इस कार्य में लोक निर्माण विभाग एवं आरटीओ भी मदद ली जाए। टीम शीघ्र ही इन स्थानों का चिन्हांकन कर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत मुझे प्रस्तुत करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होने ग्रामीण क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर सुदिप्ती गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, एसडीओपी, टीआई और तहसीलदार उपस्थित थे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले एक अपचारी बालक सहित 4 गांजा तस्करों को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी स्कूटी में भाटापारा ओव्हर ब्रीज के उपर गांजा बेचने हेतु ग्राहक का कर रहे थे इंतजार

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि, थाना भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा ओवर ब्रिज के ऊपर एक स्कूटी में 04 लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं तथा उसे बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही यह भी पता चला कि पकड़े जाने पर लोगों को भयभीत करने के लिए आरोपी अपने साथ कुछ धारदार हथियार भी रखे हैं। सूचना पर थाना भाटापारा शहर से सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो, भूखन वर्मा, आरक्षक महेंद्र साहू, लोरिक शांडिल्य एवं उमेश वर्मा की पुलिस टीम तत्काल ओव्हर ब्रीज की ओर आरोपियों की पतासाजी के लिए रवाना हुआ। भाटापारा ओवर ब्रिज के पास पहुंचते ही पुलिस टीम द्वारा बहुत ही तत्परतापूर्वक एवं सावधानी बरतते हुए चारों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। चारों आरोपी एक स्कूटी में बैठे हुए थे तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। सभी आरोपियों के साथ-सांथ स्कूटी का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आरोपियों से एक पान मसाला के थैला के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 10 किलो 280 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?80,000 है। इसके साथ ही *गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी वाहन क्र. सीजी 04 पीएम 6596 के सांथ किसी भी प्रकार की स्थिति का सामना करने के लिए एवं पकड़े जाने पर लोगों को भयभीत करने के लिए आरोपी अपने सांथ एक वॉकी टॉकी, चाकू एवं स्टील का राड रखे थे, जिसे मौके पर ही जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में 20B NDPS एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध क्र. 299/2024 पंजीबध्द कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर, जेल भेज दिया गया है।

# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नए कानून संहिता के संबंध में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नए कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अपनाने के विषय पर पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार द्वारा कार्यशाला के विषय एवं उसकी महत्ता के संबंध में बताया गया तथा नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए ध्यान देकर, समझने की बात उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि नए कानून में विवेचना के दौरान वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी का प्रावधान है, साथ ही महिला संबंधी एवं नाबालिक बच्चों से संबंधित अपराधों के लिए भी अलग प्रावधान है। विवेचना कार्य में साक्ष्य



के संकलन के लिए भी पृथक से प्रावधान, नए कानून में जोड़ा गया है। इसलिए नए कानून में उल्लिखित नियमों, बिन्दुओं के तहत आप समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को, अपने आपको अपडेट करना है। नए कानून के तहत पुलिस की शक्तियां बढ़ाई गई है, उसके साथ ही नए कानून में मुआवजा राशि एवं साक्षियों की सुरक्षा का भी पृथक से प्रावधान रखा गया है। आप सभी नए कानून में दिए गए नियमों, बिंदुओं का गहन अवलोकन करें एवं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कानून के संबंध में बताए गए जानकारियों के तहत विशेष रुचि लेकर, समझकर प्रभावी कार्य संपादन करें। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला अभियोजन कार्यालय से 08 सदस्यीय प्रशिक्षण अधिकारी शामिल हुए, जिसमें जी.के.साहू डीडीपी, सरिता शर्मा डीपीओ एवं एडीपीओ अधिकारियों में राजेश कौशिक, गीता सोनवानी, संजू गुरूपंच, शैलेंद्र सिंह, उज्जवल सिंह एवं अमित बाजपेई द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा बताया गया कि- नए कानून में भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता किया गया है, जिसमे विशेषता दंड से ज्यादा न्याय पर आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि नए कानून में बहुत सारी और चीजे आ रही है, अब अनुसंधान की प्रगति को पीड़ित को बताना जरूरी रहेगा। प्रशिक्षण में नए कानून के संबंध में अनुसंधानकर्ताओं को नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और सजा से अवगत कराया गया एवं उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अधि./कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। सांथ ही उन्होंने न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण बिन्दुओं को प्रशिक्षण में साझा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नए कानून में दिए गए मुख्य बिंदुओं का बहुत ही सहज रूप में समाधान किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा नए कानून के संबंध में कई प्रश्न पूछा गया, जिस पर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, जिले के समस्त थाना/चौकी में पदस्थ विवेचक एवं पुलिस स्टाफ रीडर-1 सउनि अश्वनी पडवार, पुलिस कार्यालय के स्टाफ एवं सीसीटीएनएस की पूरी टीम उपस्थित थी।

# ठेकेदार को बिल भुगतान करने के बाद जागा विभाग अब लीपापोती करने की जुगत में लापरवाह अधिकारी

- उप मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद जांच के आदेश व विभागीय जांच को प्रभावित करने का अधिकारी कर रहा भरसक प्रयास
- पूरा मामला अमोड़ा हाईस्कूल का है जहाँ अधिकारी द्वारा बिना कार्य को देखे ठेकेदार को कर दिया लाखों का भुगतान




पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

नरहरपुर ब्लॉक के अमोड़ा हाईस्कूल में लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग व ठेकेदार द्वारा मिलकर विद्युतीकरण कार्य में किये गये भ्रष्टाचार पर विभागीय जांच के अलावा उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी विभाग को जांच के आदेश दिए है किंतु विभाग के कुछ अधिकारी एसडीओ को बचाने एड़ी चोटी लगा जांच को प्रभावित करने में लगे हुए है। बता दें कि अमोड़ा के नवनिर्मित हाईस्कूल भवन में ठेकेदार को व्यक्तिगत लाभ पहुचाने व कमीशन के चक्कर में ठेकेदार द्वारा किये गये गुणवत्ताहीन कार्य को बिना देखे व निरीक्षण किये लाखों का भुगतान कर दिया गया जिसको लेकर लगातार खबर प्रकाशित कर विभाग के उच्च अधिकारियों व विभाग के मंत्री तक का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है जिसके बाद जांच टीम रायपुर से आई जिनके आने से पहले भी जांच को प्रभावित करने लीपापोती की गई थी और अब उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आदेश के बाद भी जांच को प्रभावित करने लोपापोती की जा रही जिसमें पहले अमानक केबल लगा था उसे निकाल कर दूसरा केबल लगाया जा रहा है। ताकि जांच में आने वाले को सब ठीक लगे यदि यह कार्य अभी करवाया जा रहा है तो ठेकेदार को किस कार्य का भुगतान किया गया है और अगर ठेकेदार को भुगतना हुआ है तो फिर दोबारा स्कूल भवन में लीपापोती क्यों कराया जा रहा है। शिक्षा के मंदिर में इतनी बड़ी लापरवाही होने के बाद भी उक्त अधिकारी व इस कार्य में शामिल दोषियों पर आज पर्यन्त तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है जिससे माना जा रहा अनुविभागीय अधिकारी को इस तरह के कार्य करने विभाग द्वारा खुला छूट दिया गया है व अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ठेकेदार को इस तरह के कार्य करने की छूट दिया गया है बहरहाल इस पूरे मामले को ठण्डे बस्ते में डालने की पूरी कोशिश अनुविभागीय अधिकारी द्वारा की जा रही है। दूसरी ओर सत्ता परिवर्तन होते ही भाजपा के मंत्री व नेता छत्तीसगढ़ में यह आश्वास देते फिर रहे है कि कोई भी भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी व ठेकेदार भ्रष्टाचार व लापरवाही कर बच नहीं सकता अब देखना यह है कि यह मामला जो कि स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ा हुआ इस पर वर्तमान सरकार कितनी गंभीरता दिखाती है व दोषियों पर कार्यवाही करती है या नहीं?

**हाईस्कूल भवन के विद्युतीकरण कार्य में अमानक उपकरणों का उपयोग-**नवनिर्मित अमोड़ा हाईस्कूल भवन में विद्युतीकरण का कार्य हुआ है जिसमें स्वीच, साकेट, पैनल व केबल सभी कागजों में जो दर्शाये गये है वैसा कुछ भी उपकरण नहीं लगा है जो कि पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कांकेर व कार्यपालन अभियंता जगदलपुर को सूचना दी गई किन्तु उनके द्वारा इस कार्य में किये गये भ्रष्टाचार को करने ठेकेदार व दोषी पर कार्यवाही नहीं करना ऐसा प्रतीत होता है जैसे उन्होंने इस भ्रष्टाचार को मौन समर्थन दिया है।

**जांच के पहले छोड़ा गया पैनल व केबल-**इस भ्रष्टाचार के संबंध में जैसे ही पायनियर में समाचार प्रकाशित हुआ तो इसकी सूचना रायपुर के उच्च अधिकारियों को प्राप्त हुई जिसके बाद रायपुर से कार्यपालन अभियंता द्वारा जांच करने की बात सामने आई जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी द्वारा इस कार्य में हुए भ्रष्टाचार में लीपा-पोती करने पैनल व केबल स्कूल भवन में लगाया व स्कूल से यह भी जानकारी मिली है कि खुद अनुविभागीय अधिकारी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों से लीपा-पोती करवाया गया है।

**जिनकी जिम्मेदारी वे ही जांच के लिए कर रहे थे आनाकानी-**यह बताना लाजिमी है कि इस भ्रष्टाचार के खेल में विभाग के अधीक्षण अभियंता को कब इसकी जानकारी पायनियर के माध्यम से मिली तो वे जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता जिनके अंतर्गत यह अनुविभाग आता है जांच के लिए कहा गया किंतु इनके द्वारा टालमटोल किया गया जिसके बाद रायपुर से टीम पहुँची जिस पर भी पर्दा डालने की कोशिश की गई व उनके आने से पहले भी कई जगहों में लीपापोती की गई इसके बाद भी अधिकारी सीन चौड़ा कर विभाग को व स्कूल में किये कार्य को ठेंगा दिखा रहा है।

**भ्रष्टाचार को अंजाम देने वाले अधिकरी पर गिरेगी गाज-मंडावी-**इस संबंध में लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी के मुख्य अभियंता ने कहा कि अमोड़ा हाईस्कूल में हुए भ्रष्टाचार व लापरवाही की विभागीय जांच हो गई है साथ ही उप मुख्यमंत्री ने भी पायनियर द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद जांच के आदेश दिए है जल्द ही इस पर दोषियों पर उचित कार्यवाही होगी।

**मैं इस पर कुछ नहीं बोलूंगा-टेम्बुने-**इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार की जानकारी के बाद भी अपने विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को बचाने की भरपूर कोशिश करने वाले लोनिवि यांत्रिकी जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता टेम्बुने द्वारा चुप्पी साधते हुए इस पर मैं कुछ भी नहीं कह सकता कहकर पल्ला झाड़ लिया जबकि जिम्मेदार अधिकारी के नाते इस पूरे भ्रष्टाचार की जांच कर कार्यवाही हेतु विभाग को जवाब तलब करना इनकी जिम्मेदारी है।

# एकावरी मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



नक्सल प्रभावित नगरी-सिहावा अंचल के एकावरी जंगल में पिछले दिनों पुलिस डीआरजी टीम व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में गोली लगने से घायल एक महिला नक्सली को ओडिशा की नवरंगपुर पुलिस ने सर्चिंग के दौरान पकड़कर धमतरी पुलिस को सौंपा था, जिसे ईलाज के बाद अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल 2024 को एकावरी जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के दौरान एक महिला नक्सली बुरी तरह से जख्मी हो गई थी और वह जान बचाकर वहां से भाग निकली। महिला नक्सली मैंगो नुरेटी घायल हालात में ओडिशा की ओर भाग रही थी तभी सर्चिंग में निकले ओडिशा नवरंगपुर पुलिस ने महिला नक्सली मैंगो नुरेटी को गिरफ्तार किया। इस दौरान उसके पैर में जख्म के निशान मौजूद थे। गिरफ्तार महिला । नक्सली को नवरंगपुर पुलिस ने सिहावा पुलिस को सौंप दिया। नक्सल डीएसपी आरके मिश्रा ने बताया कि जब इस महिला नक्सली मैंगो नुरेटी को गिरफ्तार किया तो पैर में गोली लगी हुई थी। इसलिए धमतरी पुलिस करीब दो माह तक मेकाहारा रायपुर व जिला अस्पताल धमतरी में उपचार करा रही थी । वह अब ठीक हो गई हैए तो सिहावा पुलिस नियमतः गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है।

## सक्ती के नए एसडीम होंगे अरुण सोम–उप जिला निर्वाचन अधिकारी का भी प्रभार देखेंगे अरुण सोम

**सक्ती।** शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने 22 जून को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति के एस पैंकरा को स्थानांतरित कर उनके स्थान पर वर्तमान में शक्ति जिले में उप जिला निर्वाचन अधिकारी का कार्य देख रहे एवं पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा के रूप में कार्य कर चुके अरुण सोम को नया एसडीएम बनाया है।

# नव पदस्थ थाना प्रभारी की कड़ी कार्यवाही

## रेत से भरे ट्रेक्टर को किया जप्त



पायनियर संवाददाता ◀ मरवाही
www.dailypioneer.com

खनिज विभाग की मेहरबानी और सांठगांठ से चलते अंतर्राज्यीय रेत माफियाओं के लिए मरवाही चारागाह बन चुका है। किंतु शायद अब रेत माफियाओं के लिए यह गोरख धंधा असंभव होगा। नवपदस्थ थाना प्रभारी जी एस बंजारे ने आज प्रभार लेते ही अवैध रेत से भरे ट्रेक्टर क्रमांक cg 10-1 9176 को जप्त कर कार्यवाही की। ज्ञात हो कि मरवाही के सोन क्षेत्र से रतनपुर तथा अन्य जगह के फर्जी रॉयल्टी पर्ची के आड़ में रेत माफिया द्वारा रोजाना सैकड़ों ट्रिप रेत की कालाबाजारी प्रशासन के नाक के नीचे किया जा रहा था किंतु नवपदस्थ थाना प्रभारी ने संकेत दे दिया है कि ये बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

> शासन अवैध रेत परिवहन को ले कर सख्त है। और शासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुए रेत माफियाओं और काला बजारियो पर सख्त कार्रवाई की जावेगी।।
>
> **जी एस बंजारे**
> **थाना प्रभारी मरवाही**

# छत्तीसगढ़ कनौंजिया कुर्मी समाज शिवरीनारायण के अध्यक्ष बने दरसराम वर्मा



पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

कनौजिया कुर्मी समाज शिवरीनारायण के नवीन कार्यकारणी का निर्वाचन विश्रामवट परिसर में किया गया जहाँ कुर्मी समाज के चारो मेड़ो के जनता विशाल संख्या उपस्थित हुए और सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए सेल निवासी दरस राम वर्मा का चुनाव किया गया एवं उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार कश्यप व लवकुमार कौशिक, सचिव शैलेन्द्र कुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष दशरथ प्रसाद कश्यप, सहसचिव श्यामस्वरूप रायसगर, कार्यकारणी सदस्य सुखीराम वर्मा, खम्हन वर्मा, किरीत राम कश्यप, नकादाउ कश्यप, रामेश्वर कश्यप, सियाराम रायसगर, गुहाराम कश्यप, लव कुमार कश्यप, दीपक कुमार। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दरस वर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज को एक नई दिशा देना होगा समाज के हित के लिए उनके द्वारा उचित कदम उठाए जांएगे। समाज के नये अध्यक्ष बनने से कनौजिया कुर्मी समाज मे हर्ष ब्याप्त है।

# वन्देमातरम परिवार द्वारा वृक्षारोपण एवं रक्तदान कार्यक्रम आज




पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

24 जुन को वन्देमातरम परिवार एवं ब्लाक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम सुबह 10 बजे अजय चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य मे बीईटों कार्यालय परिसर एवं विश्राम गृह परिसर के 62 जगहों मे पौधा रोपन, विश्राम गृह हाल में ज़रूरत मंद मरीज़ों के लिए रक्तदान कार्यक्रम नगर.क्षेत्रवासियों को समर्पित है। ब्लाक शिक्षा विभाग एवं वन्देमातरम परिवार समिति द्वारा गरिमामयी आयोजित परंपरागत कार्यक्रम में वन्देमातरम परिवार के समस्त सदस्यगण, सेवाभावी समाजिक कार्यकर्तागण, शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकगण एवं नगर.क्षेत्र नागरिकगण सादर आमंत्रित है!

## पटवारी सुलोचना साव निलंबित, वीडियो वायरल होनें के बाद एसडीएम रायगढ़ ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** शासकीय कार्य में भूमि स्वामी से अवैधानिक रूप से राशि मांग किए जाने के मामला संज्ञान में आने पर रायगढ़ तहसील के हल्का नंबर 37, गोपालपुर की पटवारी सुलोचना साव को एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार सुलोचना साव, पटवारी हल्का गोपालपुर, के द्वारा शासकीय कार्य हेतु भूमिस्वामी से अवैधानिक रूप से राशि की मांग करने के संबंध में सोशल मीडिया में समाचार प्रसारित होने की सूचना प्राप्त हुई है।

# सर्कुलर जारी होने के बाद से कर्मचारियों में सिस्टम तथा प्रबंधन के खिलाफ बेहद आक्रोश

### 1 जुलाई से बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू करने का प्रबंधन द्वारा एक तरफा निर्णय

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

लौह अयस्क खदान समूह, दल्लीराजहरा में 1 जुलाई से बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू करने का प्रबंधन द्वारा एक तरफा निर्णय लेते हुए सर्कुलर जारी कर दिया गया है। इस संबंध में प्रबंधन ने यूनियन से कोई चर्चा भी नहीं की है। इस सर्कुलर जारी होने के बाद से कर्मचारियों में इस सिस्टम तथा प्रबंधन के खिलाफबेहद आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रबंधन हमारी सुविधाओं में तो लगातार कटौती करते जा रहा है और उत्पादन का टारगेट भी बढ़ाते जा रहा है, किंतु दूसरी ओर कर्मचारियों के हितों की लगातार उपेक्षा भी करते जा रहा है। कर्मचारियों के वेज रिवीजन का 39 माह का एरियर्स, हाउस-रेंट अलाउंस सहित अनेक अनेक मुद्दे लंबे समय से पेंडिंग पड़े हुए हैं, जिस पर प्रबंधन आंख मूंदकर बैठा हुआ है। प्रबंधन कर्मचारियों को उनका वाजिब हक नहीं दे रहा है बल्कि शोषण करने व मानसिक प्रताड़ना के लिए फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम लागू करना चाह रहा है। इस मुद्दे को लेकर लौह अयस्क खदान समूह दल्ली राजहरा की संयुक्त ट्रेड यूनियन की दिनांक 19 जून को इंटक ऑफिस के सभागृह में बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के प्रतिनिधियों ने यह निर्णय लिया कि लौह अयस्क खदान समूह राजहरा के समस्त नियमित एवं ठेका श्रमिक प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के ऊपर दबाव बनाने के लिए एक तरफा निर्णय लेते हुए कर्मचारियों के कार्य स्थल पर दैनिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम लगा रहा है, जिसका हम पूरी तरह से बहिष्कार करते हैं, और पुरजोर विरोध करते हैं, क्योंकि प्रबंधन इस सिस्टम के माध्यम से कर्मचारियों का शोषण करने का निरंतर प्रयास करेगा। संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच ने प्रबंधन के इस तानाशाही सर्कुलर के विरुद्ध अपील की है कि कोई भी कर्मचारी बायोमेट्रिक सिस्टम में रजिस्ट्रेशन ना कराए, क्योंकि दल्ली राजहरा के समस्त ट्रेड यूनियन इस बायोमेट्रिक सिस्टम का सामूहिक विरोध तथा पूर्णतः बहिष्कार कर रहे हैं। संयुक्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों में संयुक्त खदान मजदूर संघ के कमलजीत सिंह मान, राजेंद्र बेहरा, श्रीनिवासुलू , सीटू यूनियन से प्रकाश क्षत्रीय, पुरुषोत्तम सिमैया, इंटक यूनियन से अभय सिंह, तिलकराम मानकर, बी एम एस यूनियन से मुस्ताक अहमद, लखनलाल चौधरी, सी एम एस एस यूनियन से सोमनाथ उइके, जे एम एम यूनियन से बसंत रावटे सभी ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों का यह संयुक्त निर्णय है।

# सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने 22 जून प्रदेश के सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का चिप्स कार्यालय रायपुर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मौजूदा खरीफ सीजन में प्रदेश के किसानों को खाद, बीज की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए सभी सहकारी समितियों में समुचित मात्रा में खाद, बीज का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जैन ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन न्याय संहिता के क्रियान्वयन के तैयारी के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन, निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अभियान, राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरण एवं निराकरण हेतु अभियान आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति तथा वर्ष 2024 में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जब्ती, अभियोजन एवं राजसात के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

### गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती जैसे पराक्रमी नारी विश्व में न तो किसी काल में रही और ना आगे होंगी

# वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस आज

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती जैसे पराक्रमी नारी विश्व में न तो किसी काल में रही और ना आगे होंगी। भारत देश के मध्य में भोपाल क्षेत्र के दूर पूर्वी दक्षिण तटीय सागर की सीमा विशाखापट्टनम तक देश का सर्वाधिक शक्तिशाली गोंडवाना राज्य गडा कटंगा मंडला का राज वंश विस्तार था। इस राजवंश काल प्रारंभ 169 एडी में यदु राय मरावी से होकर सन 1779 डी घूमेश शाह तक रहा है। इस राजवंश के सबसे प्रतापी सम्राट संग्राम शाह 1478 एडी में राजगद्दी पर बैठे एवं मात्र 32 वर्ष के काल में अपने भुजबल एवं शौर्य सामर्थ के सहारे 52 गढ़ों को जीता तथा उस समय भारत के धन बल, शौर्य एवं गोंडवाना की शानदार परंपरा को धारण करने वाले भारतवर्ष में अजेय सम्राट माने जाते थे। उस काल में दिल्ली का बादशाह इब्राहिम लोदी भी गडा कटंगा राजवंश से घबराता था। इसी कारण उसने संग्राम शाह से मित्रवत व्यवहार किया। गुलाम वंश और गडा कटंगा का गोंडवाना वंश की मित्रता इतनी घनिष्ठ थी की राजपूताना के सारे राजा इधर ताकने की हिम्मत भी नहीं कर पाते थे। राजपूताना के ठाकुर राजा राणा सांगा दिल्ली के गद्दी पर कब्जा करना चाहता था ।परंतु इस अजेय मित्रों के कारण कभी भी हिम्मत नहीं कर सका था।अतः उसने मंगोल वंश तुर्क के राजा बाबर को दिल्ली पर आक्रमण करने के लिए न्योता दिया। सारे राजपूताना राजाओं के साथ दिल्ली पर आक्रमण किया और इस युद्ध में इब्राहिम लोदी को हराकर दिल्ली के गद्दी पर कब्जा किया। किंतु इस युद्ध के बाद भी राणा सांगा के दिल्ली की गद्दी दिवास्वप्न बन कर रह गई। इस तरह से मुगल वंश की स्थापना का श्रेय भी इन राजाओं को ही जाता है। इस युद्ध में हार का कारण बाबर का चलता फिरता तोपखाना था। यद्यपि संग्राम शाह ने युद्ध में इब्राहिम लोधी की मदद की थी। इस मदद के परिणाम स्वरुप बाद में अकबर का महारानी दुर्गावती के राज्य पर आक्रमण करने का कारण बना। दिल्ली में लोधी वंश समाप्त हो गया और मुगल सल्तनत स्थापित हो गया किंतु इससे गोंडवाना के गडा कटंगा राजवंश पर कोई आंच नहीं आई ।बाबरिया दिल्ली सल्तनत में या हुमायूं जो बाबर का पुत्र था उसने संग्राम शाह की ओर झांकने की हिम्मत नहीं दिखाई। शेरशाह सूरी ने तो हुमायूं को मात दी और काबुल कंधार तक उसे भगाकर गम दिया सन 1540 में काबुल में ही हुमायूं के बेटे अकबर का जन्म हुआ। दिल्ली के सम्राट शेरशाह सूरी के कलिंजर युद्ध में आग लगने से मौत हो गई। इधर अकबर के मामा बैरम खान ने अच्छा मौका देख कर अपने भांजे अकबर को दिल्ली के खाली सिंहासन पर बिठाकर दिल्ली का बादशाह घोषित कर दिया अकबर जब दिल्ली के सिंहासन पर बैठा तो उसका उम्र महज 13 वर्ष की थी। वह सन 1554 में दिल्ली की गद्दी पर बैठा और उसके संरक्षण व सिपह सलाहकार उसके मामा बैरम खान थे। इस काल में दिल्ली सल्तनत की आर्थिक स्थिति काफी डावाडोल थी। सैकड़ों नए राजा पैदा हो गए थे। किंतु चलाक बैरम खान ने दिल्ली राज्य के राजा को 1556 में पानीपत के युद्ध में हराकर अकबर के लिए निरापद दिल्ली का बादशाह बना दिए। इस प्रकार मुगल बादशाह मोहम्मद जलालुद्दीन अकबर देश के मुगलिया वंश के बादशाह से दिल्ली के बादशाह हो गए। गोंडवाना के सम्राट संग्राम शाह एक महान योद्धा एवं न्याय प्रिय प्रशासक थे।

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

**द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, रायपुर शाखा**
ईपीआई सेंटर, यशवंत अस्पताल के पास,
जी.ई. रोड, तात्या पारा चौक, रायपुर-492001
संपर्क नंबर : 0771-2223355 ईमेल: raipur@kvbmail.com

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित,**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, सुरक्षित लेनदार, करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, रायपुर शाखा को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक कब्जा करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, उसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर 12 जुलाई 2024 (12.07.2024) को बेचा जाएगा, ताकि 31.05.2024 तक 17,23,860.98 रुपये (सत्रह लाख तेईस हजार आठ सौ साठ और अट्ठानबे पैसे मात्र) की वसूली की जा सके, जिस पर 01.06.2024 से कानून के अनुसार देय ब्याज भी शामिल है, जो करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, सुरक्षित लेनदार को देय है।(1) मेसर्स पुनरासर पल्स (उधारकर्ता), स्वामिनी : श्रीमती सुनीता देवी झंवर, दुकान क्रमांक 54, द्वितीय तल, भैसथान रोड, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ (2) श्री रतन झंवर (गारंटर), पुत्र - श्री रामगोपाल झंवर, ई-560, राधाकृष्ण मंदिर के पास, समता कॉलोनी, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ संपत्ति का आरक्षित मूल्य 10,79,100/- रुपये (दस लाख उनहत्तर हजार एक सौ मात्र) होगा और संपत्ति के लिए बयाना राशि 1,07,910/- रुपये (एक लाख सात हजार नौ सौ दस मात्र) होगी।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**राधा मोहन टॉवर, द्वितीय तल पर कार्यालय क्रमांक 54 का पूरा हिस्सा, क्षेत्रफल 100 वर्ग फीट, ख. नं. 353/08 और 354/04, पी.एच. नं. 106 ए/46, मौजा-रायपुर खास, रामसागर पारा वार्ड नं. 17, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। संपत्ति श्री रतन कुमार झंवर के नाम पर है।**

बिक्री की विस्तृत शर्तों व नियमों के लिए कृपया हमारे बैंक/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट **www.kvb.co.in/Property Under Auction** पर दिए गए लिंक तथा सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर के वेब पोर्टल **https://bankauctions.in** पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों का नोटिस**

उधारकर्ता/ओं और गारंटर/ओं को ई-नीलामी की तिथि से पहले उपर्युक्त बकाया राशि के साथ-साथ नवीनतम ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा अनुसूचित संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**दिनांक: 19.06.2024**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**करूर वैश्य बैंक लिमिटेड,**




# पुष्पा 2 से भिड़ेगी गेम चेंजर! बॉक्स ऑफिस पर खेल पलट देंगे राम चरण?




साउथ की कई बड़े सितारों की धमाकेदार फिल्में कतार से रिलीज होने के लिए तैयार हैं, ऐसे में उनके बॉक्स ऑफिस पर टकराव की संभावनाएं बन रही हैं। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कई फिल्में रिलीज होनी थीं, जिसमें से अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल भी एक थी। हालांकि, शूटिंग में हुई देरी के चलते निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया। पहले 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होने वाली पुष्पा 2 अजय देवगन की सिंघम अगेन से भिड़ने वाली थी, लेकिन दोनों ही फिल्मों की रिलीज की तारीख को बदल दिया गया। पुष्पा 2 की रिलीज की तारीख भले ही बदली हो, लेकिन अभी भी यह फिल्म तय रिलीज डेट पर बाकी कई फिल्मों से भिड़ेगी, जिसमें से एक साउथ सुपरस्टार राम चरण की गेम चेंजर भी होगी। यह प्रशंसकों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। पुष्पा 2: द रूल इस साल के अंत में 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वहीं, राम चरण की गेम चेंजर की रिलीज की तारीख का खुलासा होना बाकी है। प्रशंसक कई महीनों से फिल्म की रिलीज डेट के बारे में अपडेट मांग रहे हैं, लेकिन फिल्म की शूटिंग में हो रही देरी और बढ़ते बजट के कारण फिल्म को रिलीज करने की योजना का फिलहाल खुलासा नहीं किया गया है। वहीं अब खबर आ रही है कि गेम चेंजर अब पुष्पा 2 से आमना-सामना कर सकती है। राम चरण की मुख्य भूमिका वाली और शंकर द्वारा निर्देशित गेम चेंजर की शूटिंग पहले से ही चल रही है। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म क्रिसमस के अवसर पर नजर गड़ाए हुए है। गेम चेंजर को पहले ही कई बार स्थगित किया जा चुका है और कई बार शूटिंग भी रोकी गई है, इसलिए, दिल राजू इस साल फिल्म को रिलीज करने के लिए उत्सुक हैं। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब अल्लू अर्जुन और राम चरण बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से भिड़ेंगे। इससे पहले खबर आई थी कि पुष्पा 2 बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा से भी टकरा सकती है।




# फिटनेस फ्रीक हैं ये अभिनेत्रियां

बॉलीवुड अभिनेत्रियां खुद को फिट रखने के लिए काफी मेहनत करती हैं। कुछ अभिनेत्रियां फिट रहने के लिए योगा का सहारा लेती हैं, तो कुछ किक बॉक्सिंग और जिम का सहारा लेती हैं। दिशा पाटनी, कैटरीना कैफ, सोहा अली खान, कैटरीना कैफ और करीना कपूर के अलावा भी कई अभिनेत्रियां हैं, जो अपने आपको फिट रखने के लिए कड़ी एक्सरसाइज करती हैं।

## दिशा पाटनी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के फिटनेस रूटीन में कई तरह की एक्टिविटीज शामिल हैं, जिससे वो खुद को शेप में रखती हैं। इनमें किक बॉक्सिंग, योगा और स्विमिंग जैसी कई एक्टिविटीज शामिल हैं। दिशा को वेट ट्रेनिंग और डांसिंग का भी शौक है। देखा जाए तो किक बॉक्सिंग आजकल बॉलीवुड सेलेब्स के बीच काफी लोकप्रिय वर्कआउट बन चुका है।

## सोहा अली खान



हैवी एक्सरसाइज करने के बजाय सोहा अली खान अपनी फिटनेस को मेनटेन रखने के लिए स्पोर्ट्स एक्टिविटी करना ज्यादा पसंद करती हैं। बैडमिंटन खेलना, पिकल बॉल और रनिंग, जैसी सोहा की फेवरेट स्पोर्ट्स एक्टिविटीज में से हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सोहा ने एक इंटरव्यू में कहा था कि रनिंग करने से न सिर्फ आप फिट रहते हैं बल्कि आपकी हार्ट हेल्थ भी बूस्ट होती है।

## मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा कई बार अपनी फिटनेस के राज का खुलासा करते हुए बता चुकी हैं कि अपने दिन की शुरुआत अभिनेत्री योगा से करती हैं। उन्हें योग करना काफी पसंद है। मलाइका अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी एक्सरसाइज के वीडियोज साझा करती रहती हैं। खुद को फिट रखने के लिए मलाइका एक दिन भी योग को मिस नहीं करती हैं। इसके अलावा एक्सरसाइज भी उनकी डेली रूटीन का हिस्सा है।


## करीना कपूर खान



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीना कपूर खान अपने वर्कआउट रूटीन को कभी स्किप नहीं करती हैं। वह रोजाना वर्कआउट करना पसंद करती हैं। हालांकि, वह रोज अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज करती हैं और बीच-बीच में ब्रेक भी देती हैं। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, योगा, ट्रेडमिल और कोर वर्कआउट, करीना के फिटनेस रूटीन में सब शामिल है। करीना दो बच्चों की मां हैं और इन्हीं एक्सरसाइज से वह इतनी फिट रहती हैं।

## कैटरीना कैफ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कैटरीना कैफ जिम के अलावा अपनी हेल्दी डाइट का भी ख्याल रखती हैं। डाइट में कैटरीना उबली सब्जियां, रोटी, दाल और हरी सलाद शामिल करती हैं। कैटरीना ज्यादा तला-भुना खाना नहीं खाती हैं और चीनी का सेवन भी कम करती हैं। वह खूब पानी पीती हैं और हाइड्रेटेड रहने के लिए हर थोड़ी देर में कुछ ना कुछ पीती रहती हैं।



# बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा नहीं बनेंगी जॉर्जिया एंड्रियानी

पहली पत्नी मलाइका अरोड़ा से अलग होने के बाद अरबाज ने मॉडल-अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट किया था। दोनों अक्सर मीडिया में स्पॉट होते थे, हालांकि दोनों का यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल पाया। पिछले दिनों खबर आ रही थी कि जॉर्जिया बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा बनने वाली हैं। अभिनेत्री जॉर्जिया ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगाया है। जॉर्जिया ने अब इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है कि वह शो का हिस्सा नहीं बनेंगी। जॉर्जिया ने कहा मैं बिग बॉस हाउस में नहीं जा रही हूं।

# अजरबैजान में फिल्म विदा मुयार्ची की शूटिंग पूरी करेंगे अजित कुमार



अजित कुमार कॉलीवुड यानी तमिल सिनेमा के सुपरस्टार हैं। उनके चाहने वाले लाखों की संख्या में हैं। अपनी अदाकारी से उन्होंने दक्षिण भारत के साथ हिंदी पट्टी के लोगों के दिलों में भी खास जगह बनाई है। अभिनेता के प्रशंसकों को उनकी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची की बेसब्री से इंतजार है।

## अजित कुमार अजरबैजान के लिए रवाना

यह कॉलीवुड की प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें अजित कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मगिज थिरुमेनी कर रहे हैं। इस बीच फिल्म से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अजित फिल्म अंतिम शेड्यूल की शूटिंग में शामिल होने के लिए अजरबैजान के लिए रवाना हो गए हैं। उन्हें आज सुबह (20 जून) चेन्नई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस फिल्म की लगभग 30 प्रतिशत शूटिंग अभी बाकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म को पूरा करने के बाद अभिनेता अजित गुड बैड अग्ली की शूटिंग शुरू करेंगे।



# देवरा में एनटीआर और जान्हवी के बीच दिखेगी शानदार केमिस्ट्री

देवरा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की ये फिल्म लगातार सुर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म में पहली बार ये जोड़ी पर्दे पर नजर आने वाली है, जिसको लेकर दोनों कलाकारों के फैंस काफी उत्साहित हैं। निर्माता भी इस बात से भली-भांति परिचित हैं, इसलिए दोनों कलाकारों के ऊपर फिल्म का एक रोमांटिक गाना शूट कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग इस देश में की जा रही है।

## थाईलैंड में चल रही है एक गाने की शूटिंग

फैंस को जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर के बीच शानदार केमिस्ट्री देखने को मिलने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल फिल्म के एक गाने की शूटिंग थाईलैंड के खूबसूरत जगहों पर चल रही है। निर्माता इन दोनों की जोड़ी को बेहतर दिखाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते। फैंस के लिए दोनों कलाकारों को इस गाने में एक साथ देखना किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

## 27 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

बताते चलें कि देवरा का निर्देशन कोर्टला शिवा कर रहे हैं। यह जनता गराज के बाद उनकी दूसरी फिल्म है। जनता गराज में भी एनटीआर ने काम किया था। अब देवरा में वह एक खतरनाक अवतार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में हिंदी फिल्मों के कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी दिखेंगे। दोनों की यह डेब्यू तेलुगु फिल्म है। फिल्म की कहानी समुद्र के रास्ते में होने वाली तस्करी पर आधारित हो सकती है। फिल्म इस साल 27 सितंबर को रिलीज हो रही है।

# ऑल वी इमेजिन एज लाइट की जीत पर बोले नवाजुद्दीन



नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रौतू का राज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म वे एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इन दिनों वे अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जल्द ही उनकी यह फिल्म जी5 और ओटीटीप्ले प्रीमियम पर स्ट्रीम होने वाली है। रौतू का राज के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपने करियर के अलावा भारत में बन रही कम बजट की फिल्मों के भविष्य के बारे में भी खुलकर बातें करते नजर आए। ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों को समर्थन नहीं मिलता

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड में अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने के लिए मशहूर हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि वे ऑल वी इमेजिन एज लाइट की जीत के बारे में क्या सोचते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेता कहते हैं, देखिए मैं सीधी और साफ बात कहूंगा ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहा जाता है, लेकिन भारत में ऐसी फिल्मों को कोई सपोर्ट नहीं करता है। कान फिल्म फेस्टिवल ने इसे साबित कर दिया है।

## फिल्म निर्माता को मसाला फिल्म चाहिए

नवाजुद्दीन सिद्दीकी कई कम बजट की फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। अभिनेता कहते हैं, मेरे पास कई युवा फिल्म निर्माता अपनी स्क्रिप्ट के साथ उनके पास आते हैं। वे अपनी कहानी को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं। मुझे उनकी कहानियां पसंद भी आती है, लेकिन उनमें से कई फिल्म बन नहीं पाती हैं क्योंकि फिल्म निर्माताओं को उनमें मसाला नहीं दिख रहा होता है। मैं जब ऐसी किसी कहानी के साथ फिल्म मेकर्स के पास जाता हूं तब वे कहते हैं नवाज भाई इसमें कोई एक्शन नहीं है, गाना नहीं है, ड्रामा नहीं है और फिर वह फिल्म बन ही नहीं पाती है।



# सनी सिंह को एक्शन डायरेक्टर के बेटे होने का बॉलीवुड में मिला फायदा?

कार्तिक आर्यन ने पिछले दिनों कहा था कि इंडस्ट्री में उनका कोई दोस्त नहीं है। जबकि कार्तिक के साथ प्यार का पंचनामा 2 और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्मों में नजर आ चुके सनी सिंह का कहना है कि कार्तिक और उनकी दोस्ती बहुत अच्छी है। सनी इन दिनों फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आ रहे हैं।

**आपके साथ कई फिल्मों में स्क्रीन शेयर कर चुके कार्तिक आर्यन ने हाल ही में कहा कि इंडस्ट्री में मेरा कोई दोस्त नहीं है। क्या फिल्म इंडस्ट्री में दोस्त बनाना इतना मुश्किल है?**

मेरे और कार्तिक के बीच तो घर जैसी बात है। हम लोग एक ही ग्रुप के हैं, तो हम दोस्त भी बहुत अच्छे हैं। उसके अभी कुछ दोस्त बने होंगे, तो उसे लगा होगा कि शायद वैसी दोस्ती नहीं है। क्योंकि अब वो बिजी रहता है, इधर मैं भी बिजी रहता हूं। लेकिन हम लोगों की दोस्ती तो पहले जैसी ही है। हम जब भी मिलते हैं तो बहुत अच्छे से मिलते हैं और पास ही रहते हैं एक-दूसरे के। जब भी बात होती है तो वैसे ही होती है जैसे पहले होती थी। तो कुछ बदलाव नहीं आया है। मगर यह जरूर कहूंगा कि मेरे भी ज्यादा दोस्त नहीं हैं। यानी जो पुराने दोस्त हैं, वह हैं और जो ग्रुप हैं, बस उसमें दोस्त है। अब उतना वक्त मिलता नहीं है कि नए दोस्तों से मिलो या नए लोगों से दोस्ती करो।

**इंडस्ट्री में हमेशा इनसाइडर-आउटसाइडर की जंग चलती रहती है। कार्तिक ने भी इस बारे में बात की। क्या आपको अपने स्टंट डायरेक्टर पिता जय सिंह निज्जर का कुछ फायदा मिला?**

फायदा तो इस बात का ही मिला कि मैं बड़ा खुश हूं कि मैं उनका बेटा हूं और उन्होंने बहुत ही सामान्य रूप से अपनी शुरुआत की थी जहां उन्होंने एक फाइटर के रूप में काम किया था। फिर उन्होंने एक्शन डायरेक्टर के तौर पर काम किया जो बहुत मुश्किल है। तो हमें भी पापा के लिए बहुत कुछ करना होता है। लेकिन मुझे ये पता था कि ऑडिशन तो देना ही पड़ेगा। अगर आप लुक टेस्ट-ऑडिशन पर नहीं जा रहे हैं, अपने क्राफ्ट पर काम नहीं कर रहे हैं तो कोई भी फिल्ममेकर आपको फिल्म में नहीं लेगा। अगर आप अपनी कला पर मेहनत कर रहे हो तो आप ऐक्टर बनोगे। यहां कला सबकुछ है तो कोई मायने नहीं रखता कि आप किसके बेटे हो। मैंने तो खुद बहुत स्ट्रगल किया है। जब लगातार काम किया, अपने ऊपर और मेहनत की, तब जाकर हमें रोल मिले।

**आप फिल्म साइन करते हो तो क्या चीज सबसे ज्यादा मायने रखती है?**

मेरे लिए तो स्क्रिप्ट काफी मायने रखती है। अगर स्क्रिप्ट पढ़ते हुए आपको लग रहा है कि यह दर्शकों को पसंद आएगी और फिल्म उसी अंदाज में बन रही है तो ठीक है। उस कहानी को लिखा कैसा गया है, किस चीज पर लिखा गया है, यह सब बातें बहुत मायने रखती हैं। लेकिन एक परफॉर्मर के तौर पर आप एक्साइटेड तभी होते हो जब उसे अच्छे अंदाज में लिखा गया होता है। तो मेरे लिए स्क्रिप्ट बहुत मायने रखती है।

**आप फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आ रहे हैं। जब यह फिल्म सामने आई तो क्या कुछ चल रहा था मन में?**

मैं और इसके लेखक राज शांडिल्य दोस्त हैं तो हमारे बीच बहुत सारा डिस्कशन होता रहता है। जब इस फिल्म के बारे में बात हुई तो मैं बहुत एक्साइटेड था क्योंकि इसमें एक लव ट्रायंगल है जो बहुत फनी है। साथ ही राजपाल यादव सर, अनु कपूर जी और सुप्रिया पाठक जी जैसे बेहद शानदार कलाकार भी हैं। सभी ऐक्टर्स के लिए इस कास्ट के साथ काम करना सपने जैसा होता है। यह लोग कॉमिडी के लेवल को एक अलग ऊंचाई तक ले जाते हैं। फिल्म में जो लव ट्रांयगल दिखाया गया है, वह बहुत बढ़िया है। मैं हमेशा से ऐसी फिल्में करना चाहता हूं। साथ ही एक सिंगल पैरंट की कहानी दिखाई गई है। तो कई लेयर्स हैं जिन्हें जी5 पर देखने में मजा आएगा।

**आपका रिलेशनशिप स्टेटस क्या है? क्या किसी को डेट कर रहे हैं?**

अभी तो कोई ऐसा नहीं है। दरअसल मेरे घर वाले मुझ पर शादी के लिए दबाव नहीं डालते हैं। उन्हें हमेशा भरोसा रहा है कि जब भी ढूंढूंगा तो अपने हिसाब से तलाशूंगा। तो आज तक मुझे किसी ने नहीं बोला है। दोस्तों की ओर से भी कोई दबाव नहीं आया है।

**आपके आने वाले प्रोजेक्ट्स कौन से हैं?**

आने वाले दिनों में मैं रिस्की रोमियो में नजर आऊंगा। इस फिल्म को अबीर सेनगुप्ता ने डायरेक्ट किया है। इसके अलावा मैंने वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में काम किया है। साथ ही कई फिल्मों की मैंने शूटिंग की है। तो आने वाले दिनों में मैं कई प्रोजेक्ट्स में दिखूंगा।

# नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार उदासीनता एवं अनियमितता को लेकर बीजेपी शहर मंडल ने किया घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के नेतृत्व में समस्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के द्वारा नगर में व्याप्त समस्या सफाई, मीठा पानी एवं अवरुद्ध विकास कार्य को लेकर नगर पालिका का किया गया घेराव जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू,प्रवीण नीलू राजपूत, देवराम साहू, महेश साहू, ललित साहू,सावित्री रजक तरण राजपूत धर्मेंद्र साहू गोपी देवांगन संदीप यादव योगेश्वर वर्मा सजनी यादव हर्षवर्धन तिवारी रीना साहू राकेश मोहन शर्मा विकास तंबोली राजेंद्र दुबे संतोष वर्मा युगल देवांगन कमलेश वर्मा राधेलाल बघेल तुषार साहू दीनानाथ साहू राम अवतार साहू जंभेश्वर वर्मा योगेश वर्मा परमेश्वर गायकवाड नागेश साहू सहित सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। घेराव के पूर्व कर्मा माता चौक में शहर मंडल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी ने संबोधित किया नगर पालिका के कार्यप्रणाली और उदासीनता एवं अनियमितता को लेकर घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू के निष्क्रियता कारण नगर में पर्याप्त मीठे पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे आम जनमानस को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित रोगों का सामना करना पड़ रहा है पिछले कुछ वर्षों से शहर का विकास कार्य एवं निर्माण कार्य भद्रकाली कंपलेक्स महिला समृद्धि बाजार बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य बंद पड़े हैं मुख्य मार्ग स्थित पालिका बाजार की अनियमितता आज तक दूर नहीं की जा सकी नगर पालिका के उदासीनता कारण पालिका बाजार में कई दुकानें अभी तक नीलाम नहीं हो पाए 40 हजार जनसंख्या वाले नगर पालिका में बच्चे बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए मनोरंजन हेतु आज तक गार्डन की व्यवस्था को भी उचित नहीं किया गया शहर के मध्य एकमात्र गार्डन आज मजदूर क्वार्टर बनकर रह गया है ग्राम खिलौरा मार्ग में गार्डन बनाया जा रहा था वह भी भ्रष्टाचार का शिकार हो गया नगर पालिका अध्यक्ष के गलत रवैये के चलते नगर पालिका बेमेतरा के साथ कोई भी ठेकेदार कार्य नहीं करना चाह रहे हैं जिससे नगर विकास स्वरूप हो गया है वर्षा ऋतु से पहले नगर में कहीं भी सफाई नहीं की गई पानी निकासी व्यवस्था फेल है इस अव्यवस्था के चलते नगर वासियों में नगर पालिका अध्यक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ जन आक्रोश की भावना उत्पन्न है जन भावना को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के द्वारा सफाई पेयजल एवं निर्माण संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने एवं समस्त वार्डों में मीठे पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने नगर पालिका घेराव कर अध्यक्ष एवं सीएमओ को नींद से जागने का प्रयास किया गया है।घेराव पश्चात बेमेतरा तहसीलदार पी एन बंजारे को भाजपाइयों ने ज्ञापन सोपा है।

# विद्युत विभाग की लापरवाही का परिणाम ट्रांसफार्मर के समीप दो गायों की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर के व्यस्ततम अहिवारा रोड पर स्थित उमिया टिंबर के सामने विद्युत विभाग द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आकर दो गायों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जिसकी जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं मिलने पर तत्काल बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। संबंधित विद्युत विभाग के प्रभारी अधिकारी से मोबाइल संपर्क कर आक्रोश जताया साथ ही तत्काल उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया, और आगाह किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता सहा नहीं जाएगा, बजरंग दल द्वारा इसका भारी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसका पूरा उत्तरदायित्व विद्युत विभाग की होगी । घटना स्थल पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी पहुंचे । ज्ञातव्य हो कि उमिया टिंबर के भविन पटेल एवं छगन पटेल द्वारा कई बार मौखिक रूप से तथा दो बार लिखित आवेदन पत्र के माध्यम से अव्यवस्थित झूलते हुए तारों तथा कम ऊंचाई पर लगाए गए ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित करने का निवेदन विद्युत विभाग में किया गया था जिस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यह भी शिकायत मिली कि नगर स्थित विद्युत विभाग ने संपर्क हेतु पुराने फोन नम्बर को बदल दिया है जिसकी सूचना भी सार्वजनिक रूप से प्रसारित नहीं की गई है, जिसके कारण भी आमजनों को समस्या की जानकारी विभाग को देने तथा सही स्थिति के संज्ञान हेतु संपर्क साधने में कठिनाई हो रही है। बजरंग दल के कुम्हारी प्रमुख प्रवीण राव ने बताया कि मृत गायों को जेसीबी मशीन की सहायता से उठाकर नगर के बाहर सम्मान सहित संस्कार संपन्न किया गया।

# शिवसेना का समर्थन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ को

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाऊ राम चौहान ने बताया कि जिला बेमेतरा में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने तीन सूत्रीय मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं आगे चौहान ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी को अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर समर्थन के साथ मांग पत्र दिया गया है जहाचौहान ने उनकी तीन सूत्रीय मांग जायज है जिसका शिवसेना पार्टी समर्थन करता है एव उनकी मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शासन प्रशासन एवम स्वास्थ मंत्री के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा इन्हीं के साथ चौहान ने उनकी मांगों पर छग शासन प्रशासन से अपील कि गई एवं पार्टी की ओर से आश्वासन दिया गया जिसमे उक्त मांग -सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का लंबित कार्य आधारित वेतन क्करुक्क का भुगतान माह मई 2024 तक पूर्ण किया जावे एवं आगामी माह से नियम अनुसार प्रत्येक माह के 15 तारीख तक भुगतान किया जाए, महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सुरक्षा को मुद्देनजर रखते हुए उनके गृह जिले में स्थानांतरण देने हेतु छुटप्रदाय किया जावे एवं मुख्यालय निवास का दायरा मुख्यालय से 8 किलोमीटर के परिधि में निवास करने हेतु छूट दिया जावे,पवन कुमार वर्मा जिला संयोजक कांकेर की सेवा समाप्ति के आदेश को तत्काल निरस्त कर सेवा से बहाल किया जावे, आगे चौहान ने कहा कि स्वास्थ कर्मचारी संघ का मांग जायज है जिसे छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी समर्थन करता है बता दे कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का लंबित कार्य आधारित वेतन पी,एल,पी नहीं दिया गया है उनके मूल वेतन का ही अभिन्न अंग है जिसको प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करने का शासन द्वारा आदेशित है जिनको उनके द्वारा विश्व बिंदु के कार्यों के आधार पर भुगतान किया जाना निर्धारित है इस कार्य के लिए मिशन संचालक कार्यालय द्वारा ऑनलाइन पी,एल,पी पोर्टल का निर्माण भी किया गया, इनके हड़ताल में बैठने से जिले के आम जनता को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता पड़ने पर समय पर इलाज नहीं होने से आम जनता को बहुत ही ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने 22 जून प्रदेश के सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का चिप्स कार्यालय रायपुर से वीडियो काफ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मौजूदा खरीफ सीजन में प्रदेश के किसानों को खाद, बीज की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए सभी सहकारी समितियों में समुचित मात्रा में खाद, बीज का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जैन ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन न्याय संहिता के क्रियान्वयन के तैयारी के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन, निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अभियान, राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरण एवं निराकरण हेतु अभियान आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति तथा वर्ष 2024 में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जब्ती, अभियोजन एवं राजसात के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। जैन ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 'नारी शक्ति से जलशक्ति' अभियान की तैयारी तथा सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपायों के अलावा सड़क पर विचरण करने वाले घुमन्तू मवेशियों पर नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर जल जीवन मिशन के योजनाओं की वास्तविक पूर्णता की स्थिति की भी समीक्षा की।

# नगर पंचायत चिखलाकसा के जनप्रतिनिधियों ने की इंजीनियर के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत चिखलाकसा शासकीय उ.मा.वि. में अतिरिक्त कमरा बनना स्वीकृत हुआ है जो कि स्कूल के एक साईड से बनाया जाना है। ताकि सामने बच्चों के खेल मैदान खाली रहे। ऐसा अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष द्वारा कहे जाने पर पटेल इंजीनियर द्वारा यह कहा गया कि तुम लोग जैसा बोलोगे वैसा नहीं होगा हमें जहां बनना है हम वहीं बनायेंगे। तुम लोग के पास बुध्दि नहीं है इस तरह से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उस इंजीनियर ने कहा कि आपका काम नहीं करूंगा मैं जा रहा हूं ऐसा कहते हुए चला गया। इंजीनियर की इस हरकत पर जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर से मिलकर शिकायत दर्ज की कि उसे हटाकर दूसरे इंजीनियर को नियुक्त किया जाए व अभद्र व्यवहार करने वाले इंजीनियर पर कड़ी कार्यवाही की जाये इसकी मांग की गई। नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष भिखी मासिया ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार कई वर्षो के प्रयत्न के बाद स्कूल निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है, उस कार्य पर अड़चने आ रही है। हम आदिवासी नेताओं पर दबाव डालकर हमें अपमानित किया जा रहा है इस अत्याचार को देखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष भिखी मसिया, उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैयद, पार्षद ताराचंद पाथोडे कुंती देवांगन, संगीत साहू,लीला डरसेना,शांतिबाई रावटे व आदि मौजूद रहे।

# सहयोग के सदस्यों ने योग दिवस मनाया



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सहयोग बेमेतरा ने बाँधातालाब पिकरी बेमेतरा में अपने स्वच्छता अभियान की समाप्ति के पश्चात रिमझिम बारिश के मध्य पचरी किनारे पीपल पेड़ के नीचे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रातः 07 बजे योग प्रशिक्षक सुशील जी शर्मा, प्रो.लक्ष्मीनारायण साहू के मार्गदर्शन में योग के प्रमुख आसनों को किया एवं लोगो से अपील की की स्वच्छता और हरियाली के साथ निरोगी काया का होना भी जरूरी है और इसके लिए करे योग रहे निरोग। इस अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रमुख रूप से डॉ सुभाष चौबे, सुशील शर्मा, डॉ लाला राम साहू, प्रो. लक्ष्मीनारायण साहू, रामा मोटवानी, संतोष चांडक, संतोष, विश्वकर्मा, संतोष चौहान, राकेश माखीजा, संजय भूतड़ा, संजय दुबे, जीवन शर्मा, गिरीश मिश्रा, शशि सचदेवा, बृजेश सोनी, गेंदलाल साहू, राज सिन्हा, राजकुमार साहू, कौशल सिन्हा, टिंकू चावला, रमन काबरा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जन समस्या निवारण शिविर में बनेगें लरनिंग लायसेंस हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा 23 जून से लेकर 08 जुलाई 2024 तक नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं विधायक के निर्देशनुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 से 27 तक की नगरवासियों के समस्याओं का निराकरण हेतु हितग्राही मूलक विभागों द्वारा स्टाल लगाकर संबंधित समस्याओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किये जाने हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 23 जून से 08 जुलाई तक समय-सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। जनसमस्या निवारण शिविर में स्वाथ्य जांच केन्द्र, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार कार्ड बनाने का कार्य, आधार कार्ड संशोधन कार्य, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, राशन कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास श्रम कार्ड के साथ विद्युत विभाग, नजूल विभाग, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा स्आल लगाया जायेगा। इसी तरह शिविर में परिवहन विभाग द्वारा अस्थायी लायसेंस बनाने का कार्य भी किया जायेगा। निर्धारित दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर शिविर में लगाये गये योजनाओं का लाभ उठायें। नसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 23 जून से 08 जुलाई तक चलेगा। जिसमें 26 जून को वार्ड क्र. 09, 10, 11, 20 को स्थान-वीर सावरकर भवन, 29 जून को वार्ड क्रमांक 12, 13, 14, 15 को स्थान-आत्मानंद विद्यालय कचहरी पारा, 02.07.2024 को वार्ड क्र. 16, 17, 18, 19, 21, 22 को स्थान-शौर्य भवन ठाकुर पारा, 05.07.2024 को वार्ड क्र. 23, 24, 25, 26, 27 को स्थान शास.खालसा प्राथमिक शाला कवर्धा एवं 08 जुलाई को वार्ड क्र. 01, 02, 03, 08 को स्थान-पुलिस चौकी कैलाश नगर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

# पैसे के विवाद में बेटो ने मिलकर किया पिता का कत्ल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



20 जून को पुलिस ग्राम सिवार के कछार के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बोरी में भरा हुआ है सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर मौके पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तेजराम पटेल, सीन आफ क्राईम यूनिट दुर्ग व बेरला पुलिस स्टाफ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर शव पंचनामां कार्यवाही किये जिसमें मृतक का शव दो से तीन दिन पुराना होना प्रतीत हो रहा था मृतक का शव का छायाचित्र व शव संबंधी विवरण को सायबर प्रहरी ग्रुप में प्रसारित करने पर त्वरित रूप से लगभग दो घण्टे में ही मृतक की पहचान ग्राम सांकरा निवासी मोतीलाल साहू के रूप में हुई जिसके संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कि मोतीलाल साहू 17 जून की रात्रि से घर से गायब है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू को प्रकरण के त्वरित निराकरण मार्ग दर्शन प्रदान किया गया जिसके तारतम्य में विशेष टीम गठीत कर मृतक मोतीलाल साहू, मृतक के परिजन व संदेहियों का कॉल डिटेल व ग्राम सांकरा से ग्राम सिवार के मध्य के सभी संभावित स्थानों के सीसी टीवी फुटेज खंगालने पर संकलित इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व सीडीआर व भौतिक साक्ष्य के आधार पर संदेही इंद्रेश साहू व विधि से संघर्षरत बालक से 23 जून को ग्राम सांकरा में आम पंचायत में कैम्प लगाकर घटना के संबंध में बारिकी से पुछताछ किया गया, जो घटना दिनांक व सूचना दिनांक के बीच की बातो को लगातार पुछताछ कर पृथक-पृथक से कथन लेने पर घटना के संबंध में सही जानकारी न देकर पुलिस को बार-बार गुमराह कर रहे थे, जिन्हे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य दिखाकर हिकमत अमली से पुछताछ करने पर अपना-अपना जुर्म स्वीकर करते हुए बताये कि पिता मोतीलाल साहू ग्राम सांकरा की नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में जेल गया हुआ था जेल से छुटकर आने केबाद भी लगातार शराब पीने के आदि होने के कारण घर के खेत खार को बिक्री कर अय्याशी करता था कि इसी बात को लेकर 17 जून को रात में लगभग 10:00 बजे मृतक मोतीलाल साहू व उसके बेटे इंद्रेश के बीच खर्चे के लिए पैसा की बात को लेकर लड़ाई झगड़ा चालू हो गया तब उसी समय पास में रखे टंगिया को उठाकर इंद्रेश साहू अपने पिता मोतीलाल साहू के पेट के दाहिने भाग में मारा जिससे मोतीलाल साहू के पेट में चोट आने से वह नीचे गिरकर तड़प कर चिल्लाने लगा तब इंद्रेश साहू अपने हाथ से उसका गला दबाकर मार दिया। फिर अपने दोस्त को कॉल कर बोला कि मेरे पापा घर नही आये है तो आज मैं और मेरा भाई तुम्हारे पास सो जाते है तब घनश्याम साहू के खेत वाले घर में जाकर दोनो सो गये और सुबह लगभग 04:30 बजे घर वापस आये तो मोतीलाल साहू की लाश को प्लास्टिक की बोरी से बांधकर लाश को शिवनाथ नदी में सिवार घाट मे फेकने के लिए काले रंग की एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पी डी 3556 से लगभग 05:45 बजे घर से निकले और बेरला होते हुए सिवार घाट के पास पहुंचे तो वहाँ कुछ लोग पहले से थे तो शिवनाथ नदी से पहले ही मंदिर के पीछे सिवार पाल कछार के पास सुनसान जगह पर लाश को ले जाकर फेक दिये और फिर दोनो भाई घर वापस आ गये । घटना में प्रयुक्त टगिया को घर के पिछे बाड़ी में स्थित किए में फेक दिये और मोतीलाल साहू के मोबाईल को गाँव के बड़े तालाब में फेक दिये और गाँव में ये कहानी बनाये कि मोतीलाल साहू 17 जून कि रात से कहीं चला गया है जुमला विवेचना पर आरोपी इंद्रेश साहू व विधी संघर्षरत बालक का कृत्य धारा 302,201,120 बी भादवि का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 210/2024 धारा 302, 201, 120 बी भादवि में आरोपी इंद्रेश साहू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर व विधी से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी बेरला व सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, सउनि तुलाराम देशमुख, प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, मोहित चेलक, आर. संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, विनोद सिंह, जय किशन साहू, कुशाल बोरकर, प्रमोद बजारे, शिव यादव, बिरेन्द्र साहू, महेश जांगडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। त्वरित रूप से गंभीर मामले के निराकरण हेतु टीम के सदस्यों का उत्साह वर्धन करते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू द्वारा पृथक-पृथक इनाम की घोषणा की गई है।

# भाजपाइयों ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्त्ता ने भाजपा कार्यालय मे जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप मे मनाया द्य विधायक दीपेश साहू सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओ ने भाजपा कार्यालय मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन एक देशभक्त, शिक्षाविद और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता के रूप मे हम सब जानते है द्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए लगातार काम किया गया द्य उन्होंने कहा कि उनका जीवन कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है द्य डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया। साथ ही कश्मीर में दो निशान, दो विधान,दो प्रधान को लेकर आंदोलन किया। जिसके परिणाम स्वरुप कश्मीर से परमिट राज खत्म हुआ। उन्होंने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था कि भारत में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान हो। इसे वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा सरकार द्वारा साकार किये गए है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 और 55 ए हटाकर पूरे देश में एक मिसाल कायम की है । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा, परमेश्वर वर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, सुनीता यादव, सजनी यादव, लक्ष्मी लहरे, नीतू कोठारी, रोशन दत्ता, नीलू राजपूत, धर्मेंद्र साहू, देवाराम साहू, युगल देवांगन, गोपी देवांगन, रेवाराम निषाद, कमलेश वर्मा, तारण राजपूत, टेकसिंह वर्मा, उमेश यादव, छत्रकुमार देवांगन, तुषार साहू, संजू राजपूत, मीनू पटेल, साधेराम बघेल, लक्ष्मंत लहरे, ओंकार साहू उपस्थित रहे।

# कुम्हारी राज सोनकर समाज इकाई का दूसरी बार महेश सोनकर बने अध्यक्ष



**कुम्हारी।** विगत दिवस छत्तीसगढ़ सोनकर समाज पंजीयन मांक 3275 के अंतर्गत कुम्हारी राज इकाई का चुनाव वार्ड क्रमांक 2 स्थित समाजिक भवन में किया गया जिसमे सर्व सम्मति से पुनः एक बार महेश सोनकर को राज अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अन्य पदों पर भी समाज के सदस्यों ने सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया जिसमें, उपाध्यक्ष चंदन सोनकर, उपाध्यक्ष राजा सोनकर, उपाध्यक्ष नारायण सोनकर, कोषाध्यक्ष महेश सोनकर, मंत्री सह सचिव राजेश सोनकर, सलाहकार मनहरन सोनकर, छब्बू सोनकर, संतोष सोनकर, रोहित सोनकर, रामकुमार सोनकर, विशेष सलाहकार चंदन सोनकर, मनहरण सोनकर, समाज सेवक के रूप में मोहन सोनकर व छबीराम सोनकर का चयन किया गया । कार्यक्रम के अंत में पदाधिकारियों का सम्मान पुष्प गुच्छ से किया गया व समाज के सदस्यों द्वारा बधाई दी गई ।

# चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने लीगल एड डिफेंस कौंसिलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राज्य न्यायिक एकेडमी के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के 23 जिलों में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेस कौंसिलों हेतु तीन दिवसीय एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन राज्य न्यायिक एकेडमी, बिलासपुर में किया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ सत्र में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में कौंसिलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के माध्यम से अभिरक्षाधीन बंदियों एवं जरूरतमंदों को उच्च गुणवत्तायुक्त निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना सभी कौंसिलों की जिम्मेदारी है, तथा जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई हैं उसका वे प्रभावी रूप से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जो नये कानून लागू होने






हैं, उनका कौंसिलगण सूक्ष्मता से अध्ययन करें ताकि विचाराधीन बंदियों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की ओर से उचित प्रतिरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कौंसिलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नालसा एवं सालसा का मुख्य उददेश्य निर्दोष एवं जरूरतमंदों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है जिस हेतु डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त कौंसिलगण अपने कार्य को नियोजन न मानकर सेवा कार्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य न्यायिक एकडेमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने उपस्थित कौंसिलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का मुख्य उददेश्य बेहतर न्याय व्यवस्था तथा सामाजिक समानता लाना है और लोगों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय प्रदान करना है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार राज्य में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिलों का तीन दिवसीय एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 23 से 25 जून, 2024 तक राज्य न्यायिक एकेडमी में किया जा रहा है। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में चीफ 23, डिप्टी चीफ 32 एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल 50 इस प्रकार कुल 105 कौंसिलगण प्रतिभागी हैं। शुभारम्भ सत्र के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा, रजिस्टी के अधिकारीगण, छग राज्य न्यायिक एकेडमी के डायरेक्टर सिराजुद्दीन कुरैशी एवं न्यायिक अधिकारीगण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव उप सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सालसा की अवर सचिव ने किया।

# सक्ती के कंचनपुर में स्थापित शासन की लाइब्रेरी का है हाल- बेहाल

## लाखों रुपए की लागत से स्थापित की गई थी लाइब्रेरी





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही पुस्तकों के माध्यम से कोचिंग की सुविधा देने की सोच से विगत वर्षों शक्ति राजस्व अनुविभाग की तत्कालीन IAS प्रशिक्षु एसडीएम रैना जमील ने शहर के कंचनपुर में लाखों रुपए की लागत से लाइब्रेरी की स्थापना की थी, तथा इस लाइब्रेरी की स्थापना कर इसकी निरंतर मॉनिटरिंग एवं रख रखाव के लिए शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन कर लाइब्रेरी की जिम्मेदारी दी गई थी, लाइब्रेरी की स्थापना के बाद से कुछ महीनो तक तो यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए काफी लाभप्रद रही, किंतु वर्तमान में इस लाइब्रेरी की स्थिति यह हो चली है कि यहां ना तो किताबें हैं, अलमारियां खाली पड़ी हुई है,तथा लाइब्रेरी परिसर में विद्युत की भी व्यवस्था चरममरा गई है, आलम यह है कि विद्युत मीटर जल जाता है तो यहां आने वाले विद्यार्थी अपनी जेब से पैसे आपस में एकत्रित कर इसका मेंटेनेंस कर रहे हैं,साथ ही लाइब्रेरी परिसर के बाहर भी देखा जाए तो चारों ओर गंदगी का आलम है, तथा जिन अधिकारियों को इस लाइब्रेरी की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी थी दी गई थी वे यहां झांकने भी नहीं आते, जिसके चलते विद्यार्थियों के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है, तथा लाइब्रेरी में आने वाले विद्यार्थियों का कहना है कि वर्तमान में इस लाइब्रेरी की स्थिति को देखते हुए बड़ी ही चिंताजनक एवं दयनीय हालत है, तथा उन्होंने इस संबंध में अनेकों बार स्थानीय प्रशासन को अवगत भी कराया है किंतु प्रशासन न जाने क्यों इस लाइब्रेरी को उपयोगी बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों का कहना है कि शासन द्वारा शुरू में लाखों रुपए लगाकर कोई भी नया प्रकल्प चालू जरूर कर दिया जाता है, किंतु उसका रख रखाव न होने पाने के आभाव में यह धीरे-धीरे लोगों के उपयोग से बाहर होने लगता है, वहीं कंचनपुर की लाइब्रेरी प्रारंभ होने से जहां लोगों को इसका काफी फायदा मिल रहा था एवं तत्कालीन एसडीएम रैना जमील की यह सोच भी थी कि इस क्षेत्र के बच्चों को बड़े महानगरों में स्थापित लाइब्रेरी की तरह एक सुविधा मिल सके इसलिए उन्होंने इस लाइब्रेरी की स्थापना की थी किंतु यह इस क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि इतनी अच्छी व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित नहीं कर पाना कहीं ना कहीं प्रशासन की कमजोरी है, जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस दिशा में तत्काल ध्यान दें एवं आज जिला खनिज न्यास निधि मद से लाखों- रुपए करोड़ों रुपए की राशि खर्च की जाती है अगर उसका एक छोटा सा हिस्सा भी इस लाइब्रेरी में लगा दिया जाए तो न जाने कितने विद्यार्थियों का भविष्य संवर सकता है।

# रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 27 जून को निशुल्क कैंसर जांच शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जाला शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

समाज सेवा, जन सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रणी संस्था रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आगामी 27 जून 2024 दिन-गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से समता कॉलोनी रायपुर स्थित शिकारपुरी धर्मशाला में एक दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच एवं नेत्र जाला शिविर का आयोजन किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के नवनियुक्त अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि निशुल्क कैंसर जांच शिविर दिल्ली से आने वाली कैंसर वैन के माध्यम से समस्त प्रकार के कैंसर संबंधी जांच निशुल्क की जाएगी, एवं इस कैंसर वैन में मैमोग्राफी मशीन, डिजिटल




एक्स-रे, डेंटल चेयर, सहित विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच होगी तो वहीं राजस्थान के जयपुर से पधारे वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा यह जांच की जाएगी, नितेश अग्रवाल ने बताया कि 27 जून को ही उपरोक्त कार्यक्रम स्थल पर निशुल्क नेत्र जाला शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें केवल 10 मिनट में ही आंखों में दवा डालकर आंखों की जाला सफाई की जाएगी, शाखा अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त दोनों निशुल्क जांच शिविरों के लिए इच्छुक व्यक्ति रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के पंकज अग्रवाल- 9926141138, कमल गुप्ता- 9340553471, कैलाश छापड़िया-9329410888, आशीष अग्रवाल-9303354877, नारायाण अग्रवाल- 9827 124123, संतोष बजाज-9329634652, दीपक अग्रवाल-9111817 219 एवं अभिषेक अग्रवाल 8144156640 पर संपर्क कर अपना अग्रिम पंजीयन करवा एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित उपरोक्त दोनों निशुल्क जांच शिविरों के लिए मंच की टीम जुटी हुई है, तथा मंच के सदस्य उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर पूरे राजधानी शहर में व्यापक रूप से इसका प्रचार प्रसार कर रहे है।

# अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से 13 लीटर महुआ शराब जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा थाने स्टाफ को प्रत्येक गांव में मुखबीर लगाकर अवैध गतिविधियों की सूचनाएं लेने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कल थाना प्रभारी पूंजीपथरा को मुखबीर से तमनार चौक पर स्थित ढाबे के पास अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री की सूचना मिली। थाना प्रभारी के निर्देशन पर पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा तमनार चौक पूंजीपथरा में घेराबंदी कर आरोपी गिरीराज सिंह पिता स्वर्गीय नृपत सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी चमरावाला थाना नगीना जिला बिजनौर (उ0प्र0) हाल मुकाम पूंजीपथरा साहू होटल जिला



रायगढ़ को 10 लीटर क्षमता वाली जरिकेन में रखा हुआ 07 बल्क लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। वहीं एक अन्य कार्यवाही में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तमनार चैक के पास महिला आरोपिया सुशीला साहू पति उग्रसेन साहू उम्र 29 वर्ष निवासी गोदगोदा थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ को 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में भरा करीब 06 बल्क लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। थाना पूंजीपथरा में दोनों आरोपियों पर पृथक-पृथक धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। पूंजीपथरा पुलिस ढाबा, होटल में अवैध शराब बिक्री पर निगाह रखे हुए है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत



पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

बरसात की प्रतीक्षा के बीच कई गांव पानी के संकट से जूझ रहे है। उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए बेमतलब के स्रोतों का सहारा भी लेना पड़ रहा है।

मुड़ापार के टिकरीपारा में मोहल्लावासियों ने जल संकट को लेकर नाराजगी दिखाई। ग्राम सरपंच मूलभूत राशि का सही उपयोग नहीं कर पा रहा है। टिकरी पारा में दो जगह बोर खनन हुआ है जिसमें एक हैंडपंप खराब हो चुका है। अगर उसमें सफाई कार्य कर बनाया जाए मशीन को लगाया जाए तो हैंडपंप चालू हो जाएगा। इसी तरह एक वर्ष पूर्व एक बोर खनन हुआ है जिसमें मोटर फसने की बात कही गई है। उसे भी निकाल कर अगर सरपंच सचिव के द्वारा ध्यान दिया जाए तो यह भी बोर बन सकता है। केवल सरपंच ऐसे कार्य को दरकिनार कर रहा है। ऐसा प्रतीत होता है सरपंच अगर चाहे तो दो दिनों में पानी की समस्या को दूर कर सकता था लेकिन पूरी गर्मी के समय मोहल्ला वासी आसपास से पानी मांग कर अपना जीवन यापन करने को मजबूर रहे।

# छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 28 जून को





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पत्रकारों के सबसे सशक्त संगठन छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक आगामी-28 जून 2024 को दोपहर 12:00 बजे से आयोजित की गई है, उपरोक्त बैठक में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा इस बैठक में यूनियन के सभी जिला अध्यक्ष, महासचिव, समस्त संभागीय पदाधिकारी एवं सभी प्रदेश पदाधिकारीयो को आमंत्रित किया गया है, एवं यूनियन की होने वाली इस बैठक में जहां आगामी दिनों के लिए प्रदेश स्तरीय संगठन के कार्यक्रमों पर चर्चा होगी तो वहीं जिला स्तरीय संगठनों की सक्रियता एवं प्रदेश द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की प्रगति पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे, ज्ञात हो की 28 जून को यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के जन्मदिन के मौके पर भी यूनियन के उपस्थित पदाधिकारी उन्हें बधाई शुभकामनाएं देंगे तो वहीं प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम भी अपने जन्मदिन के मौके पर राजधानी रायपुर में सेवा के कार्य करेंगे तथा रचनात्मक कार्यों को गति देंगे प्रदेश कार्यालय ने उपरोक्त अपेक्षित समस्त पदाधिकारीयो को बैठक में आवश्यक रूप से समय पर पहुंचने की अपील की है।

# नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार पुसौर पुलिस ने आरोपी को कोर्ट पेश कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गुम नाबालिगों की तलाश के विशेष अभियान में पुसौर पुलिस ने कल थाना क्षेत्र से लापता बालिका को दस्तयाब कर बालिका को भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बालिका के गुम होने के संबंध में बालिका के पिता द्वारा 04 जनवरी को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि पिछले साल 27 दिसंबर की रात्रि सभी अपने कमरे में सोये थे, रात्रि बालिका बिना बताए कहीं चली गई। थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान बालिका को ग्राम बार थाना सरिया निवासी खगेश्वर सिदार द्वारा बहला फुसलाकर भाग ले जाने की जानकारी मिली थी। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा निरीक्षक रोहित बंजारे ग्राम बार में सूचना देने



मुखबीर लगा रखे थे और बालिका और संदेही युवक को अभिरक्षा में लेने हर सम्भावित स्थानों पर दिया जा रहा था।

कल बालिका को ग्राम बार में देखे जाने की सूचना पर तत्काल पुसौर पुलिस द्वारा दबिश दिया गया। संदेही युवक के पास बालिका मिली जिसे थाना लाया गया। बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया जिसमें बालिका ने खगेश्वर सिदार द्वारा प्रेम प्रसंग, शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाना और जबरन शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई है। बालिका के कथन मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376(2)(छ) आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी खगेश्वर सिदार पिता दयाराम सिदार उम्र 26 साल निवासी ग्राम बार थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को कल दोपहर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को पुसौर पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है।

# मेडिकल दुकान के गल्ले से रुपए चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों में एक नाबालिक भी शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जूटमिल पुलिस द्वारा कल सांगीतराई मेन रोड चंद्रा मेडिकल दुकान के गल्ले से रूपये चोरी के मामले में एक युवक और उसके साथी (विधि के साथ संघर्षरत बालक) को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ दुकान के रोशनदान से अंदर प्रवेश कर नकद 15,000 चोरी करना स्वीकार किये हैं। आरोपियों को जूटमिल पुलिस द्वारा सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। चोरी को लेकर 08 जून को थाना जूटमिल में संगीतराई समलाई मंदिर के पास रहने वाले दौलतराम चंद्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07 जून की रात रोज की रतह मेडिकल दुकान बंद कर घर चला गया था, दूसरे दिन सुबह दुकान का शटर खोल कर अंदर गया तो देखा एक गल्ले का सामान बिखरा पड़ा था और दूसरे गल्ले का ताला टूटा हुआ था, उस गल्ले के अंदर रखे रुपए नहीं थे।



किसी अज्ञात आरोपी द्वारा छत के रोशनदान से दुकान अंदर प्रवेश कर गल्ले में रखें लगभग 80,000 को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट प्रार्थी दौलतराम चंद्रा द्वारा दर्ज कराया गया था। थाना जूटमिल में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर माल मुलाजिम की पतासाजी की जा रही थी। कल मुखबीर सूचना पर दो संदेही लड़कों को पकड़ा गया। संदेही अभिनव उर्फ नानू सिदार निवासी बजरंग पारा दर्री तालाब के पास थाना जूटमिल रायगढ़ ने अपने दो अन्य साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि मेडिकल दुकान के गल्ले से उन्होंने 15,000 चुराए थे जिसका 5,000-5,000 तीनों आपस में बांट लिए थे। आरोपी अभिनव उर्फ नानू सिदार ने अपने हिस्से के रकम से 4,700 खर्च कर देना बताया वहीं अभिरक्षा में लिए गए विधि के साथ संघर्षरत बालक ने भी अपने हिस्से के 5,000 में 4,800 खर्च कर देना बताया। आरोपियों से 500 की जप्ती हुई प्रकरण में धारा 34 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी अभिनव उर्फ नानू सिदार पिता स्वर्गीय मुरलीधर सिदार उम्र 19 साल निवासी बजरंग पारा दर्री तालाब के पास थाना जूटमिल रायगढ़ को सीजेएम न्यायालय तथा विधि के साथ संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के समक्ष रिमांड चाहने बाबत पेश किया गया। आरोपियों का एक साथी फरार है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रेलकर्मियों को दुर्घटना रहित व संरक्षित रेल परिचालन की दी गई विस्तृत जानकारी

# बिलासपुर मंडल के ब्रजराजनगर स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में सजगता के साथ संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु अनेक संरक्षा अभियान चलाये जा रहे हैं 7 इसी कड़ी में 22 जून 2024 को ब्रजराजनगर स्टेशन में वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन, डीएमओ डॉ आर. शंकर, एआरएम आदित्य पारीक, एडीएमई प्रदीप गिरी एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक, ट्रेन मैनेजर, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, यातायात सहायक, गेटमैन, सहित सभी विभागों के लगभग 160 से अधिक रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी






में दुर्घनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सिग्नल एवं पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, रेल फ्रेक्चर तथा वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, लोडिंग अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, नान-सिग्नलिंग में गाडी चलाने के दौरान चालक एवं सहायक चालकों का कर्तव्य, शंटिंग के समय ट्रेन मैनेजर के कर्तव्य, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन सावधानियां एवं पेट्रोलिंग, ट्रैक पर कार्य करते समय कार्य स्थल की संरक्षा, ट्रेन मैनेजर एवं गेटकीपर के द्वारा अनियमितता रिपोर्ट किये जाने पर स्टेशन मास्टर का कर्तव्य, आपदा प्रबंधन एवं SPAD से बचाव के तरीकों जैसे अनेक गहन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही साथ नागरिक सुरक्षा निरीक्षक द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार की भी प्रशिक्षण दी गई । संगोष्ठी में वरि.मंडल संरक्षा अधिकारी ने कहा दुर्घटना रहित व संरक्षित रेल परिचालन हमारी पहली प्राथमिकता है और यह तभी संभव है जब हम संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करें। उपस्थित अधिकारियों ने भी संरक्षा नियमों के अनुपालन के साथ कार्य करने के प्रति जागरूक किया।

# टीटीई की सतर्कता से उसलापुर स्टेशन में संदिग्ध व्यक्तियों से 18 किलो गांजा बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

उसलापुर स्टेशन पर रविवार को 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन के पहुंचने के दौरान प्लेटफार्म संख्या 2 पर चेकिंग के दौरान, टीटीई जे पी खांडे को दो संदिग्ध व्यक्ति मिले जो दो बैग ले जा रहे थे। उनके पास उसलापुर से भोपाल तक के सामान्य टिकट थे और वे सामान्य टिकट को स्लीपर टिकट में बदलने का अनुरोध किए। इसके पश्चात वे सामान्य कोच की ओर बढ़ रहे थे। उनकी गतिविधि संदिग्ध लगने व वजनी बैग देख कर टीटीई को संदेह होने पर उन्होने रुकने बोला तो वे दोनों अपना बैग छोड़कर वहां से भाग गए। टीटीई द्वारा तुरंत आरपीएफ स्टाफ उसलापुर को सूचित किया गया



और दोनों बैगों को पार्सल ऑफिस लाकर आरपीएफ की उपस्थिति में जांच की गई और उनमें कुल 18.7 किलोग्राम गांजा (मारिजुआना) पाया गया। आगे की कार्यवाही हेतु दोनों बैगों को उसलापुर आरपीएफको सौंप दिया गया।

इसप्रकार उक्त टीटीई की सतर्कता से इतनी मात्रा में गांजे की बरामद सुनिश्चित हुई। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इस प्रकार की संदिग्ध वस्तुओं की परिवहन की रोकथाम हेतु सभी टिकट चेकिंग स्टॉफ को यात्रियों के बैग/लगेज पर विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय की सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उपमुख्यमंत्री शर्मा कवर्धा के पीजी कॉलेज इंडोर स्टेडियम में जन समस्या निवारण शिविर का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com





उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में कवर्धा नगर पालिका परिषद् द्वारा आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी मांग, समस्याएं सुनीं और आवेदन लिया। उन्होंने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। जन समस्या निवारण शिविर में कुल 474 आवेदन प्राप्त हुए। उपमुख्यमंत्री ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसी तरह कवर्धा नगर पालिका के सभी वार्डो के लिए जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर की दिन और तिथि निर्धारित कर ली गई है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निवारण सुनिश्चित करना है, जिससे नागरिकों को राहत मिले और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़े। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय की सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि जनता को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखने का मौका मिल सके और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि सभी लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा शिविर में उपस्थित रहे और आमजनों से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित करते रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र सलुजा, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनिराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, पार्षद रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, उमंग पाण्डेय, सुनील साहू, सौरभ सिंह, हेमचंद चंद्रवंशी, अजय ठाकुर सहित समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### शिविर में 474 आवेदन मिले

जनसमस्या निवारण शिविर में स्वाथ्य विभाग के हेल्थ कैंप में 90 लोगों का जांच किया गया। इसके साथ परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से 160 हितग्राहियों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर प्रदान किया गया। इसी तरह जनसमस्या निवारण शिविर में पेंशन के 06, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 06, आयुष्मान भारत योजना के 54, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 04, आधार कार्ड बनाने का कार्य, आधार कार्ड के 08, राजस्व विभाग के 01, विद्युत विभाग के 09, राशन कार्ड के 36, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के 05, प्रधानमंत्री आवास के 18, श्रम विभाग पंजीयन के 15, नजूल विभाग 37,महिला बाल विकास विभाग के 02 और पीड्ब्लुडी नगर पालिका के 23 आवेदन प्राप्त हुए।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा 21 जुलाई को, 8 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 21 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। प्राक्कयन परीक्षा में शामिल होने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 8 जुलाई 2024 तक वेबसाईट https//tribal.cg.gov.in/ पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास आवासीय विद्यालय योजना महत्वकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता है। प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं। राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीट रिक्त हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्कयन परीक्षा के माध्यम होगा। प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र कक्षा 10वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहकारिता निरीक्षकों की हुई पदस्थापना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2022 के परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर की गई है। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रूकसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इन्द्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेन्द्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही शामिल है।

# अग्रवाल सभा शक्ति की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 25 जून को

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




अग्रवाल सभा शक्ति की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 25 जून को रात्रि 7:30 से हटरी धर्मशाला शक्ति में आयोजित की गई है, कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल करेंगे तथा उपरोक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा शक्ति के सचिव कन्हैया गोयल ने बताया कि 25 जून को आयोजित बैठक में भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ,नवनियुक्त पदाधिकारी- सदस्यों का परिचय सत्र,अध्यक्ष उद्बोधन, आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा एवं निर्णय,अग्रवाल सभा शक्ति द्वारा शहर में बायोडाटा सेंटर स्थापित करने पर चर्चा एवं निर्णय, शक्ति रेलवे स्टेशन में जन सहयोग से स्थापित होने वाली तीनों पानी टंकी की प्रगति पर चर्चा सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी, अग्रवाल सभा शक्ति के सचिव कन्हैया गोयल ने नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी-सदस्यों को इस बैठक में समय पर पहुंचने की अपील की है।

## शक्ति के नए एसडीम होंगे अरुण सोम-उप जिला निर्वाचन अधिकारी का भी प्रभार देखेंगे अरुण सोम

**सक्ति।** सक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने 22 जून को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति के एस पैंकरा को स्थानांतरित कर उनके स्थान पर वर्तमान में शक्ति जिले में उप जिला निर्वाचन अधिकारी का कार्य देख रहे एवं पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा के रूप में कार्य कर चुके अरुण सोम को नया एसडीएम बनाया है।

# कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय कृषि संस्थान का किया शैक्षणिक भ्रमण




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया बेमेतरा के बी.एस.सी. कृषि (आनर्स) के तृतीय वर्ष के 19 छात्र-छात्राओं ने 11 दिवसीय दिनांक 09 जून से 20 जून 2024 तक देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय कृषि संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण पूरा किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल और विज्ञान को विकसित करने एवं फील्ड टूर से सीखने एवं उन्नत तकनीकियों की जानकारी आदि प्राप्त करने के लिये भ्रमण कराया गया। अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर के मार्गदर्शन में इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, कृषि अभियांत्रिकी के सहायक प्राध्यापक, प्रतिभा सिंह, सहायक लाइब्रेरियन तथा पति राम साहू लेब टेकनीशियन ने किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थाओं का भ्रमण करने का अवसर मिला। इसमें म.प्र. राज्य के जवाहर लाल कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर कैम्पस, म.प्र. के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर, दिल्ली में आई.ए.आर.ई. हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल, भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल, हिमाचल प्रदेश में डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नोनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश में केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान कुफ्री, शिमला, उत्तराखंड में भारतीय मृदा और जल संरक्षण संस्थान देहरादून, उत्तराखंड में वन अनुसंधान संस्थान देहरादून आदि शामिल है। प्रसिद्ध संस्थानों के दौरे के अलावा इस भ्रमण में सांस्कृतिक महत्व एवं पर्यटक स्थलं का भी दौरा शामिल था जैसे जबलपुर में भेडाघाट जलप्रताप, दिल्ली में इंडिया गेट, हिमाचल प्रदेश में कुफ्री, उत्तराखंड में मसूरी, रिषिकेश, हरिद्वार में पंतजलि योगपीठ आदि शामिल है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर ने टीम के नेतृत्वकर्ता डॉ. उमेश कुमार प्रतिभा सिंह एवं पतिराम साहू, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने और समर्थन प्रदान करने के लिये कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.) का आभार प्रकट किया।

# पांच दिवसीय लोन मेला आज से नगर पालिका कुम्हारी में होगा प्रारंभ



पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत नये व्यवसाय की स्थापना अथवा पुराने व्यवसाय के विस्तार के लिए नगर पालिका परिषद कुम्हारी बैंक के सहयोग से अधिकतम 2 लाख रूपये तक का ऋृण प्रदाय कर रही है। इस हेतु नगर पालिका परिषद कार्यालय में लोन मेला का आयोजन 24 जून से 28 जून तक किया जा रहा है। यह व्यक्तिगत ऋृण केवल व्यवसाय चलाने के लिए ही दिया जायेगा। इच्छुक हितग्राही राशन कार्ड, आधार कार्ड, गुमास्ता लाइसेंस, उद्यम प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक, निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र आदि की छाया प्रति एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लेकर पालिका के रूम नं 20 में आकर आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार 10 लाख तक का सामूहिक ऋृण भी लिया जा सकता है। पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेता 10 हजार रुपये 20 हजार रुपये तथा 50 हजार रुपये तक का ऋृण आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने बताया कि हितग्राही शिविर में आकर दोनो योजना का लाभ ले सकते हैं।

# योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच का योग शिविर संपन्न



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच भाटागांव ने ढेवर सिटी गार्डन में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे योग प्रशिक्षण मैं भाग लिया। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा- नियमित योगाभ्यास हमारी शारीरिक तथा मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करता है, जिससे व्यक्तित्ववान समाज स्थापना को बल मिलता है। ऐसे स्वस्थ समाज से उन्नत राष्ट्र का निर्माण होता है। इस प्रकार योग के माध्यम से हम देश के विकास के मुख्य धारा में जुड़ते हैं। योग प्रशिक्षिका अंजलि साहू, संदीप साहू, मंच पदाधिकारी नूरजहां, नमिता राठौर, आशा रिछारिया, रूपाली अग्रवाल, कामिनी पाल, राजकुमारी दीवान तथा क्षेत्रवासी आनंदिता, सरिता, अदिति साहू, गायत्री साहू, गुलाब साहू, मोहन दास सहित नागरिक शामिल हुए।

# कोएलीशन फॉर डिजास्टर रिजीलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर और ओडिशा सरकार ने तटीय क्षेत्रों में पावर सेक्टर के लिए आपदा के बाद की स्थितियों का मजबूती से मुकाबला करने के लिए पेश की सिफारिशें

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




कोएलीशन फॉर डिजास्टर रेजीलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर और ओडिशा सरकार ने संयुक्त रूप से 'डिजास्टर रेजीलिएंट पावर सिस्टम फॉर ओडिशा' नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इन सिफारिशों से निवेश, जोखिम की जानकारी से युक्त शासन और आपदा का मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता के निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने में मदद मिलेगी। भारी बारिश, बाढ़ और भीषण जलभराव जैसी आपदाओं के दौरान तटीय क्षेत्रों में बेहद जरूरी पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्बाध संचालन पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इन व्यवधानों के चलते रखरखाव की लागत बढ़ती है, संपत्ति को नुकसान होता है, सामाजिक-आर्थिक ढांचे को नुकसान होता है, साथ ही आपातकालीन सेवाएं भी बाधित होती हैं। इसके अलावा आपदा के समय प्रतिक्रिया में भी देरी होती है। मजबूत पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पर सीडीआरआई की यह रिपोर्ट तटीय क्षेत्रों, विशेष रूप से चक्रवात, तूफान और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पावर सेक्टर की मजबूती को बढ़ाने के लिए एक विशेष पद्धति को पेश करती है। रिपोर्ट में दी गई प्रमुख सिफारिशों में विंड जोन के लिए कोड और मानकों में विस्तार, फाइनेंशियल प्लानिंग में जोखिम आकलन को एकीकृत करना, नीति, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण जैसी पहलों में मजबूती के घटक को शामिल करना शामिल है। अमित प्रोथी, डायरेक्टर जनरल, ने कहा, गंभीर मौसमी घटनाओं के लिए पावर सेक्टर की मजबूती, खासतौर पर संवेदनशील क्षेत्रों में जीवन और आजीविका की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है। जलवायु और आपदा का मुकाबला करने में सक्षम पावर सिस्टम पर हमारी स्टडी की सिफारिशों को तटीय क्षेत्रों में आपदा का मुकाबला करने में सक्षम पावर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए लागू किया जा सकता है। ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने चक्रवातों से निपटने और पुनर्निमाण की चुनौतियों से निपटने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैं अधिकारियों से आग्रह करता हूं कि वे बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाएं। सीडीआरआई की यह शुरुआत भारत के अन्य तटीय राज्यों और कई देशों को आपदा से मुकाबला करने में सक्षम मजबूत पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ आगे आने में मदद करेगी।

# नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी, रायपुर में इन्फर्टिलिटी जागरूकता माह के लिए वॉकेथॉन का आयोजन किया गया

## इन्फर्टिलिटी की जागरूकता बढ़ाने के लिए 80 से अधिक लोगों ने इसमें हिस्सा लिया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी द्वारा मरीन ड्राइव, रायपुर में इन्फर्टिलिटी जागरूकता माह के अवसर पर वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 23 जून को किया गया और इसका उद्देश्य इन्फर्टिलिटी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना एवं इसके बारे में खुली बातचीत को बढ़ावा देना था। इसका कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, ललिता मेहर डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस और नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, डॉ. पौलमी डे द्वारा किया गया। इसमें इन्फर्टिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 80 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी रायपुर में फर्टिलिटी कंसल्टेंट, डॉ. पौलमी डे ने कहा, इन्फर्टिलिटी की समस्या केवल बड़े शहरोंमें ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों में भी फैल रही है। उन्होंने कहा, रायपुर में 35-40% महिलाओं में पीसीओएस (हार्मोनलविकार) और 50% पुरुषों में शुक्राणु अस्वस्थ हैं। बढ़ती इन्फर्टिलिटी का मुख्य कारण तंबाकू, ख़ासकर गुटखे का उपयोग करना है, जिससे पुरुषों की फर्टिलिटी पर असर पड़ता है। साथ ही, पुरुष बॉडी-बिल्डिंग के लिए स्टेरॉयड का उपयोग भी करते हैं, जिससे उनकी फर्टिलिटी कम हो जाती है। इस वॉकेथॉन द्वारा हम लोगों को इन्फर्टिलिटी के बारे में शिक्षितबनाना और इससे जुड़े कलंक को दूर करना चाहते हैं, ताकि दंपति इस मामले में डॉक्टर का परामर्श और सहायता लेने के लिए प्रेरित हों। फर्टिलिटी कई कारणों से प्रभावित हो सकती है, जिनमें जीवनशैली, पर्यावरण और मेडिकल समस्याएं शामिल हैं। खराब आहार, व्यायाम की कमी, मोटापा, अत्यधिक मदिरा सेवन और तंबाकू से भी फर्टिलिटी प्रभावित हो सकती है। इन्फर्टिलिटी का तुरंत इलाज कराने के महत्व के बारे में डॉ. पौलामी ने बताया, इन्फर्टिलिटी बढ़ती जा रही है। इसलिए फर्टिलिटी एक्सपर्ट से मिलना और समय पर इसका इलाज कराना बहुत जरुरी है। अगर संतान पाना चाहते हों, तो पति-पत्नी दोनों को फर्टिलिटी एक्सपर्ट से मिलकर इन्फर्टिलिटी का मूल्यांकन जल्द से जल्द कराना चाहिए। इन्फर्टिलिटी की समस्या पति और पत्नी दोनों की एक साझा समस्या है, इसलिए दोनों में आपसी समझ व सहयोग आवश्यक है। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी, रायपुर एक विस्तृत फर्टिलिटी ट्रीटमेंट सेंटर है, जहां अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी युक्त पूर्ण-सुसज्जित लैब्स हैं। यहाँ फर्टिलिटी के इलाज के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाता है।

# हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा-पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष-2024 के पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम आज जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनर्गणना के कुल एक हजार 84 आवेदन एवं पुनर्मूल्यांकन के कुल 9 हजार 876 आवेदन इस प्रकार कुल 10 हजार 960 आवेदन प्राप्त हुए थे। मण्डल द्वारा जारी परिणाम में पुनर्गणना के 153 एवं पुनर्मूल्यांकन के 4 हजार 284 इस प्रकार कुल 4 हजार 437 आवेदकों के अंकों में परिवर्तन हुआ है। पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है।

न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/ /तह./ज.मृ./202...
दिनांक 12/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि **तेरस बाई** पिता/पति **किरत राम** जाति कुर्मी साकिन रिगनी तहसील शिवरीनारायण व थाना........ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ....... ग्राम रिगनी में अपने/अपनी (रिश्ता लिखे) पति नाम किरत राम के जन्म/मृत्यु दिनांक 13.03.2006 को होने से जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 27.06.2024 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)

-: उद्घोषणा :-

क्रमांक /175 /प्र./अति.तह. / 2024
दल्लीराजहरा, दिनांक 20/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 242/प्र.कले. / 2024 बालोद, दिनांक 06/06/2024 अनुसार आवेदक 1. श्री प्रकाश चंद आ. चम्पालाल जाति जैन 2. नितिन भाई आ. धीरज जाति गुजराती दोनों निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खम्हारटोला पहनं. 09 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 9/9 रकबा 1.38 हे. में से 28×65 =1820 वर्गफुट को व्यवसाय के लिए रूपयों आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्री ए. नागेन्द्र राव पिता अकुला कोटेश्वर राव जाति तेलुगु निवासी कमला हास्पीटल के पीछे मानपुर चौक खम्हार टोला तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो

वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 8-7- 2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 20/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा
दल्लीराजहरा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)

-: उद्घोषणा :-

क्रमांक /185 /प्र./अति.तह. / 2024
दल्लीराजहरा, दिनांक 20/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 247/प्र.कले. / 2024 बालोद, दिनांक 06/06/2024 अनुसार आवेदक 1. श्री प्रकाश चंद आ. चम्पालाल जाति जैन 2. नितिन भाई आ. धीरज जाति गुजराती दोनों निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खम्हारटोला पहनं. 09 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 9/9 रकबा 1.38 हे. में से 32×70 =2240 वर्गफुट को व्यवसाय के लिए रूपयों आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता कुशल कुमार साहू पिता गणेश राम साहू जाति तेली निवासी वार्ड क्रमांक.24 दल्लीराजहरा के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो

वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 8-7- 2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 20/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा
दल्लीराजहरा

# कलेक्टर साहब...रेत चोरी के मामले में खनिज विभाग ने जांच की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े कर दिए..जांच रिपोर्ट महज सांठगांठ का दस्तावेज न रह जाए

■ **जांच के बीच रेत की हेर-फेर करने वाले परिवहनकर्ता से खनिज विभाग ने ले लिया डेढ़ लाख का चालान**

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ अनुविभाग के ग्राम मुड़पार, जामरी और पारागांव में जब्त हजारों घनमीटर रेत की आनन-फानन में अफरा तफरी किए जाने के मामले में कलेक्टर संजय अग्रवाल के जांच के आदेश पर संबंधित विभाग ही दोषी अधिकारी को बचाने की कोशिशों में जुटा है। खनिज विभाग ने कलेक्टर के आदेश को लांघते हुए जांच के पूरा हुए बगैर ही चोरी गई रेत के एवज में परिवहनकर्ता से मामूली चालान स्वीकार कर प्रकरण की जांच को प्रभावित करने का दोषपूर्ण कार्य किया है। इस कृत्य से प्रशासनिक जांच पर ही सवाल भी खड़े हो गए हैं। इस पूरे वाकये ने जांच और कार्रवाई को और उलझा दिया है। यही नहीं इससे प्रशासनिक अमले की विश्वसनीयता दांव पर लग गई है। जांच रिपोर्ट और फैसले का इंतजार किए बगैर ही खनिज विभाग ने रेत चोरी के मामले में कारोबारी से डेढ़ लाख का चालान ले लिया है। यह सीधे तौर पर जांच को प्रभावित करने का मामला है। जबकि जांच दल में स्वयं खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर शामिल हैं। लाखों की रेत की चोरी के मामले को मामूली चालान के सहारे रफा-दफा किए जाने के कुत्सित प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, खनिज विभाग में परिवहनकर्ता द्वारा चालान जमा किए जाने के मामले में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि, उक्त चालान लिए जाने का विषय भी जांच में शामिल होगा। खनिज विभाग में कारोबारी प्रतीक अग्रवाल द्वारा चालान जमा किए जाने से हजारों घनमीटर रेत चोरी की पुष्टि हो गई है। तकरीबन 600 हाइवा रेत को हटाने के नाम पर बाजार में बेच दिए जाने के इस विवादित मामले में डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल केंद्र में है। उन्होंने ही एक जून को प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू को रेत को हटाने का आदेश दिया था। इस आदेश में बड़ी गफ्लत यह भी है कि रेत हटाकर कहां ले जाई जाएगी इसका उल्लेख आदेश में नहीं किया गया।



## कांग्रेस जांच दल मौके पर पहुंचा, प्रदर्शन की भी तैयारी

*रेत की अंधाधुन हेरफेर के इस मामले में कांग्रेस मुखर है। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस प्रकरण के लिए अपनी 9 सदस्यीय जांच दल बनाया है। जांच दल ने रविवार को मौके पर जाकर मुआयना किया। नेताओं ने सरपंच और ग्रामीणों से भी बात की है। बताया जा रहा है कि, सोमवार को प्रभावित गांवों के ग्रामीण जिला कार्यालय पहुंचकर रेत के अवैध परिवहन की शिकायत करने और अपने द्वारा संग्रहित रेत की व्यवस्था लौटाने की मांग करेंगे। इसमें सैकड़ों ग्रामीणों के शामिल होने की जानकारी है। इधर, कांग्रेस भी एसडीएम को घेरने की तैयारियों में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को एसडीएम दफ्तर में कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजयराज ने कहा कि, कांग्रेस इस मामले में प्रशासनिक जांच को लेकर भी आश्वस्त नहीं है। ग्रामीणों से बयान में भी गड़बड़ी की आशंका है।*

### एसडीएम ने कानून-नियम नहीं माने

डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल ने खनिज जब्त किए जाने के इस मामले में आवश्यक प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने जब रेत जब्त की तब उन्होंने खनिज संबंधित अधिनियम के तहत कार्रवाई किए जाने के बजाए शांतिभंग की कार्रवाई की। उस दिन ही शाम को पंचायतों से बगैर समन्वय के उन्होंने रेत हटाने के आदेश जारी कर दिए। इसके लिए चहेते परिवहनकर्ताओं को चुना गया। एसडीएम से यह भी सवाल किए जाने जरुरी हैं कि आखिर उन्होंने किस प्र या के तहत और किस आधार पर प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू को रेत हटाने के लिए उपयुक्त माना। जबकि औरों को इसके लिए कोई मौका ही नहीं दिया गया।

### खुलासा होते ही मचा बवाल

बहरहाल, कई सवालों और आरोपों से घिरे एसडीएम उमेश पटेल के खिलाफइस मामले में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 20 जून को जांच के आदेश दिए। एसडीएम ने 1 जून को रेत हटाने के निर्देश जारी किए थे। 18-19 तारीख को इस मामले का खुलासा हुआ। तब तक तकरीबन 600 हाइवा रेत पार की जा चुकी थी। एसडीएम भी इस प्रकरण को लेकर चुप थे। जांच दल में अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे, खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर और कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह शामिल हैं। जांच दल ने मौका मुआयना कर दस्तावेजों का खंगालना शुरु कर दिया है। इस बीच खनिज विभाग के चालान लिए जाने से मामला और उलझता दिख रहा है।

### राजनीतिक हस्तक्षेप भी..

डोंगरगढ़ अनुविभाग के ग्राम मुड़पार, जामरी और पारागांव में हजारों घनमीटर रेत की अफरा-तफरी के मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप की भी चर्चा निकलकर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि, कुछ स्थानीय प्रभावशाली नेता इसमें शामिल हैं। हालांकि, अब तक प्रशासनिक मामले में ऐसा कुछ सामने नहीं आया है और परिवहनकर्ताओं और एसडीएम उमेश पटेल ही जांच के घेरे में हैं। इस प्रकरण में एक जनपद सदस्य का नाम भी सामने आ रहा है। उक्त जनप्रतिनिधि की इस प्रकरण में बड़ी भूमिका भी बताई जा रही है।

# बच्चे हों मोटिवेट इसलिए प्राचार्य ने बनाया लड़ाकू राफेल का मॉडल

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर में शहर के हृदय स्थल रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल में लड़ाकू विमान "राफेल " का मॉडल बनाया गया है । उक्त मॉडल को किसी प्रदर्शनी में इनाम जितने के की नहीं बल्कि बच्चों को विज्ञान प्रदर्शनी में अधिक से अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से स्वयं संस्था प्राचार्य अजीत स्कॉट द्वारा बनाया गया है। आकर्षक एवं हुबहू राफेल को वाटरफ्रूफ के साथ जगमग लाइट से सुसज्जित किया गया है । इसे प्रार्थना स्थल पर जमीन से लगभग 12 फीट उपर स्थापित किया गया है। संस्था प्राचार्य अजीत स्कॉट ने बताया कि उनकी संस्था को सीबीएसई द्वारा हाईब्रीड लर्निंग हेतु चुना गया है। विशेष रूप से कक्षा पांचवीं तथा आठवीं के बच्चों की शिक्षा का राष्ट्रीय स्तर पर आंकलन किया जाएगा। सेंट्रल बोर्ड की दूरगामी एवं महत्वाकांक्षी योजना " सफल " एसेसमेंट के तहत बच्चों के भविष्य का निर्माण करेगी। स्कॉट ने बताया कि विशेष योजना के तहत कक्षा आठवीं में प्रवेश प्रारंभ है। बच्चों को सेंट्रल बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार प्रशिक्षित शिक्षक लैपटॉप आदि सुविधा सहित शिक्षा प्रदान करेंगे। इसे हाईब्रीड लर्निंग का नाम दिया गया है। राफेल को लेकर प्राचार्य स्कॉट का कहना है कि इन दिनों बच्चों की रुचि साइंस मॉडल के प्रति नकारात्मक दिखाई पड़ रही है। बच्चों को इस मॉडल की खूबियां बताते हुए साइंस एग्जीबिशन के प्रति उत्साह का संचार किया जा सकता है। मॉडल को बनाने में स्कूल के लैब असिस्टेंट विनोद पाटले तथा कारपेंटर अशोक वर्मा का सहयोग भी प्राचार्य को सकारात्मक रूप से प्राप्त हुआ है।

# संत कबीर साहेब के सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे : डॉ. रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्राम सुंदरा व सामुदायिक भवन नंदई में सदगुरू कबीर साहेब की जयंती महोत्सव में भाग लेते हुये कहा कि संत कबीर साहेब के सिद्धांत सभी के लिये सदैव प्रासंगिक रहने वाले है। संत जी ने समाज को नई दिशा दी, वे जीवन भर कुरीतियों व दकियानूसी विचारों के खिलाफ एक क्रांतिकारी की भूमिका में अपनी अपनी बात बेबाक तरीके से कहते रहे हैं। संत कबीर जी की वजह से ही सामाजिक कुरीतियां दूर हुई, लोगों की जन चेतना जागृत हुई और समाज नवनिर्माण की ओर अग्रसर हुआ। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि समाज में सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ से ही रही है। जब-जब समाज पर संकट आया, लोगों में चेतना की कमी हुई और सिद्धांतहीन विचारों ने स्थान लिया तब-तब भारत में अनेक संतो व महापुरुषों का जन्म हुआ और उन्होंने समाज को नयी दिशा दिखाई। कबीर साहेब के समय में भी समाजिक कुरीतियों का बोलबाला था, लोग व्यर्थ के पोंगा-पंथी में व्यस्त थे, पूरा समाज संकट के गंभीर दौर से गुजर रहा था। ऐसे संकट कालीन समय में संत कबीर जी का अवतरण हुआ और उन्होनें समाजिक कुरीतियों पर कड़े प्रहार करते हुये समाज को नयी दिशा दिखाई, जिससे समाज में नई क्रांति का जन्म हुआ, लोगों के विचार परिवर्तित हुये, हम नई दिशा की ओर अग्रसर हुये। कबीर जी के सिद्धांत सदैव शाश्वत रहेंगे, मानवता को उनकी देन को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। वे युगपुरूष थे, उन्होनें समाज को नई दिशा दी, उन्हे सन्मार्ग दिखाया। यह वर्तमान पीढ़ी संत कबीर जी की सदैव ऋणी रहेगी।

# विस अध्यक्ष के सामने रखी क्षेत्र की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से निज निवास रायपुर में भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया है। ग्राम अंजोरा में उप धान खरीदी केंद्र को पूर्ण मान्यता देकर अंजोरा में धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग उन्होंने रखी है। आस पास के किसानों को धान बेचने के लिए सोमनी सोसायटी में लंबी कतार लगाने राहत मिलेगी। सोमनी में हो रहे अवैध फेक्ट्री के निर्माण को जल्द रोके जाने, सुरगी क्षेत्र मुड़पार के जर्जर मार्ग के जीर्णोद्धार, सुरगी क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध शराब, जुआ सट्टा पर जल्द अंकुश लगाने की मांग को लेकर भेंट कर अवगत कराया गया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई कर सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य तौर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, भाजपा ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी, भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष मनहरण साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी गुरुचरण सिन्हा आदि भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# पत्नी से अवैध संबंध की वजह से जलाया जिंदा जिंदा जलाने के प्रकरण में रिश्तेदार ही आरोपी

■ कन्हारपुरी में जिंदा जलाने की घटना का पर्दाफाश

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

साँकरदाहरा से सटे कन्हारपुरी में 11 जून की रात्रि घटित जिंदा जलाने की घटना का पर्दाफाश हो गया है। पुलिस द्वारा हाथ व पैर जलने पर शक के आधार पर आरोपी से पूछताछ उपरांत जुर्म कबूलने पर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी मृतक का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को धारा 302 के तहत जेल भेज दिया है। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर मीडिया को बताया कि एसपी, एएसपी व एसडीओपी के मार्गदर्शन में 11 जून रात्रि की घटना को लेकर 17 जून को मर्ग जांच दरम्यान मरणासन्न कथन उपरांत धारा 302 के तहत विवेचना जारी था। तभी मृतक के एक रिश्तेदार के पैर जल जाने की भनक मिलने पर शेष कुमार उईके पिता स्व श्रीराम उईके, 53 वर्ष, साकिन ग्राम चांदो, थाना डोंगरगांव ने बताया कि कुछ वर्षो से अशोक कुमार लेंझारे पिता रामदयाल लेंझारे, 48 वर्ष, कन्हारपुरी उनकी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने से अशोक को बार बार समझाने पर उल्टा अशोक के द्वारा आरोपी शेषलाल व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था, जिससे आरोपी शेषलाल परेशान होकर एक डेढ़ वर्ष पूर्व से अशोक कुमार लेंझारे की हत्या करने की योजना बना रहा था।



### ऐसे दिया घटना को अंजाम

पुलिस मुताबिक आरोपी शेषलाल ने 11 एवं 12 जून दरमियानी रात्रि को करीबन 2 बजे अपने घर ग्राम चांदो से एक एल्युमिनियम के डब्बा मे पेट्रोल भरकर , एक नग टंगिया, एक लकड़ी के डंडा मे कपड़ा लपेटकर, एक नग लाईटर व एक छड़ का नुकीला हथियार बनाकर अशोक लेंझारे के घर ग्राम कन्हारपुरी के पास पहूंचा। करीबन 3 बजे अशोक लेंझारे की घर का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे मे अशोक एवं उनका पति सो रहे थे, अशोक लेंझारे के ऊपर आरोपी ने पेट्रोल डाला, जिसमे से कुछ पेट्रोल आरोपी के हाथ व पैर पर भी गिर गए। अशोक एवं उनकी पत्नी के साथ हाथापाई भी हुआ। आरोपी ने मसाल पर लाईटर से चिंगारी लगाकर अशोक के ऊपर आग लगा दिया। आग लगने के बाद अशोक जलते हुये घर के बाहर रोड पर आ गया, तब आरोपी ने डंडा से अशोक को दो तीन बार मारा और भाग गया। आरोपी के द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुये मेमोरण्डम के आधार पर अपने घर मे छुपाकर रखे साक्ष्य सबूत को जब्त कराया। अंततः पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चोरी के प्रयास में ग्राम कल्याणपुर के 01 आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**राजनांदगांव।** प्रकाश कुमार विश्वकर्मा उम्र-42 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ ने 21.06.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 04.06.2024 को रात्रि लगभग 12:30 बजे गांव का पृथ्वी कंवर का जो चोरी करने के नियत घर के खिड़की में लगे कांच को तोड़कर अंदर हाथ डालकर सिटकिनी को खोल दिया आवाज सुनकर पत्नि आई तो आरोपी अन्दर से कमरा का दरवाजा बंद कर खिड़की से कुदकर भाग गया फिर 18.06.2024 की रात्रि लगभग 11:30 बजे आरोपी पृथ्वी कंवर चोरी करने के नियत से छत के रास्ते से सीढ़ी से उतरकर घर अंदर आकर भाई के कमरे के दरवाजे का सिटकिनी को तोड़ने का प्रयास कर रहा था जागने पर आरोपी छत में चढ़कर कुद कर भाग गया कि रिपोर्ट पर अपक्र-358/2024 धारा- 457, 380, 511 भादवि का अपराध पंजीबद्ध दर्ज कर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर निरीक्षक सीआर चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये आरोपी को पकड़ने हेतु टीम तैयार किया।

# करंट से मौत के मामले में लाइनमैन निलंबित, एफआईआर का इंतजार

## करंट की चपेट में आकर 6 वर्षीय बालक की जान गई थी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बांकल में टूटे हुए बिजली के तार से करंट की चपेट में आकर मासूम की मौत के मामले में एक लाइनमैन को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में परिजन एफआईआर की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है। बालक की मौत के प्रकरण में बिजली विभाग के अफसरों ने बच्चे की अंत्येष्टि के लिए परिजनों को 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हादसे की असल वजह स्पष्ट होने के



बाद मुआवजा की राशि बढ़ जाएगी। अधिकतम विभाग द्वारा ऐसे मामलो में 4 लाख रूपए देने का प्रावधान है। बीते गुरूवार को बांकल के रहने वाले दिलेश्वर साहू का 6 साल का बेटा दामेश्वर साहू खेत में गिरे विद्युत तार के संपर्क में आ गया। इस हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना से करीब पांच दिन पहले तेज अंधड़ की वजह से विद्युत तार टूटकर खेत में गिर गया था। इसकी जानकारी तुमड़ीबोड़ विद्युत कार्यालय को दी गई। करंट प्रवाहित हो रहे तार को खंभे से जोडने् में लाइनमैन रमऊ राम धनकर ने लापरवाही बरती। इसकी वजह से एक मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी। विभाग ने मौत की घटना की जांच करते प्रथम दृष्टया लाइनमैन धनकर को तत्काल निलंबित कर दिया। इस बीच घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## नीरज कन्नौजे दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री



**राजनंदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन नीरज कन्नौजे को अपनी कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया है। कन्नौजे की नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए संयुक्त महामंत्री के पद पर की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर जैन बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है। कि पार्टी रीति नीति एवं पार्टी हित में उत्तम कार्य करते रहेंगे। उनकी इस नियुक्ति की सूचना पार्टी आला कमान को भी भेज दी गई है।

**नए कानून के संबंध में नागरिकों को होनी चाहिए जानकारी- एसपी**

# पूरी तरह बदल जाएगी एफआईआर की प्रक्रिया, कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी तय होगी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




सांसद संतोष पाण्डेय एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नये कानून के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जानकारी दी गई। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके संबंध में अधिकारियों के साथ ही नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन नये कानून लागू होंगे। भारतीय दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फार्म में होंगे।

**ई-एफआईआर करा सकेंगे-**गर्ग ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। उन्होंने जीरो-एफआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले प्रार्थी को संबंधित थाने में ही एफआईआर दर्ज करनी होती थी, लेकिन अब जीरो एफआईआर अंतर्गत प्रार्थी को बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं है तथा 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय हैं। 41 अपराधों में सजा बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में अर्थदण्ड की सजा बढ़ाई गई है। कुल 33 अपराधों में कारावासों की सजा बढ़ाई गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की 484 धाराओं के स्थान पर अब 531 धाराएं हैं तथा 37 अध्याय के स्थान पर 39 अध्याय है। इसके अंतर्गत 3 वर्ष से कम के अपराध में तथा 60 वर्ष से ज्यादा के अपराधी की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की पुर्वानुमति से गिरफ्तारी की शुरूआत की गई है। 15 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक अथवा मानसिक एवं शारीरिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों को थाने में नहीं बुलाया जा सकेगा। भारतीय साक्ष्य अधिनिमय 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की 167 धाराओं के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 170 धारायें है एवं 11 अध्याय के स्थान पर 12 अध्याय है। कुल 2 नयी धाराएं और 10 नयी उपधाराएं जोड़ी गई हैं। कुल 5 नये स्पष्टीकरण जोड़े गए है। कुल 1 नया प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 11 धाराएं और उपराधाएं हटा दी गई हैं। कुल 5 स्पष्टीकरण हटा दिये गए हैं। एक दृष्टांत हटा दिया गया है। एक अनुसूची जोड़ी गई है।

# पदोन्नति में आरक्षण हेतु किये जा रहे प्रथम चरण के आंदोलन के तहत 24 जून तक सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

## अजजा शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ की वर्चुअल बैठक प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव की अध्यक्षता में आहूत की गई

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com



अजजा शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ की वर्चुअल बैठक प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी विधायकों, सांसदों को 19 जून से 24 जून तक पदोन्नति में आरक्षण सहित अन्य विषयों को लेकर सौपे जा रहे ज्ञापन संबंधी पहले चरण के आंदोलन की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्षों द्वारा जानकारी दी गई की कबीरधाम, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर,मानपुर मोहला,सूरजपुर,बस्तर में विधायकों एवं सांसदों को ज्ञापन सौंप कर सकारात्मक चर्चा हो चुकी है। बाकी जिलों में भी 24 जून तक पदोन्नति में आरक्षण हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा। चार चरणों के आंदोलन को सफल बनाने हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारी/कर्मचारियों से तन-मन-धन से सहयोग हेतु प्रत्येक जिला में संघर्ष निधि एकत्र करने हेतु सभी जिलाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंप गई है। एकत्र धनराशि को जिलाध्यक्ष गण अपने जिले में ही रखेंगे। पांचवी अनुसूची क्षेत्र में स्थानीय भरती, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारीयों के खिलाफ कार्यवाही सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष एस एस कोमरे, शिवकुमार कंवर, विधिक महासचिव मोहन लाल कोमरे,विधिक सलाहकार एमआर ध्रुव, सचिव जयसिंह राज, जयपाल सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष एन आर चंद्रवंशी, संयुक्त सचिव लवण सिंह कंवर, डॉ कैलाश मरकाम, जीवनलाल ध्रुव, कार्यकारिणी सदस्य मंगलू कश्यप, गजलू पोडियाम, सुरेंद्र कुमार भोई, जयश्री कुमार रोहित, कमलेश मंडावी, मनहरण चंद्रवंशी, भारत लाल मार्को सोमेश्वर पात्र,जिलाध्यक्ष गण महासमुंद एसपी ध्रुव, सारंगढ़ बिलाईगढ़ अविनाश सिदार, जांजगीर चांपा मनमोहन सिंह गोंड, सक्ती विजय राज सिंह, रायगढ़ एफए सिदार,जसपुर मेघसाय सिंह, सरगुजा प्रदीप खलखो, सूरजपुर चंद्र विजय आर्मो एकोरिया चंद्रिका पैकरा, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर डॉ एस एस सिंह,गौरेला पेंड्रा मरवाही नारायण पैकरा, कोरबा जीएस् कवर, मुंगेली अकत ध्रुव, कवर्धा आसकरण धुर्वे, बेमेतरा एचआर ध्रुव, खैरागढ़ छुईखदान गंडई बहादुर सिंह खुसरो,दुर्ग धनेश्वर सिंह धुर्वे, राजनांदगांव लेखराम मात्रा, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी अरविंद गोटेएकांकेर रामप्रसाद नेताम, नारायणपुर अशोक उसेंडी, कोंडागांव मन्नाराम नेताम,बस्तर डीएस नेताम, दंतेवाड़ा मासा कुंजाम, सुकमा कोमलदेव मरकाम, बीजापुर जगबंधु मांझी, बिलासपुर आरसी ध्रुव, बलोदाबाजार श्रीराम ध्रुव,गरियाबंद भागसिंह ठाकुर सहित भागेश्वर पात्र नारायणपुर,धमतरी गेवाराम नेताम एएमपी सिंह कोरबाए हितेंद्र सोम कबीरधाम, डोमार ध्रुव, नगरी, राममिलन रावटे दंतेवाड़ा, कैलाश नेताम रायपुर, जीआर कोवाची सुकमा उपस्थित थे।

### अग्रवाल सभा सक्ती की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 25 जून को

**सक्ती।** अग्रवाल सभा शक्ति की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 25 जून को रात्रि 7:30 से हटरी धर्मशाला शक्ति में आयोजित की गई है, कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल करेंगे तथा उपरोक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा शक्ति के सचिव कन्हैया गोयल ने बताया कि 25 जून को आयोजित बैठक में भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ,नवनियुक्त पदाधिकारी- सदस्यों का परिचय सत्र,अध्यक्ष उद्बोधन, आगामी कार्य मों पर चर्चा एवं निर्णय,अग्रवाल सभा शक्ति द्वारा शहर में बायोडाटा सेंटर स्थापित करने पर चर्चा एवं निर्णय, शक्ति रेलवे स्टेशन में जन सहयोग से स्थापित होने वाली तीनों पानी टंकी की प्रगति पर चर्चा सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

# जेएसपीएल डीसीपीपी प्लांट के बाहर पीड़ित ग्रामीणों ने की नाकेबंदी

## कई किलोमीटर लगी गाड़ियों लंबी लाइन

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com





जिले के तमनार ब्लाक में स्थित जेएसपीएल डोंगामहुआ डीसीपीपी प्लांट के खिलाफशनिवार को ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीण कंपनी प्रबंधन से त्रस्त होकर आर्थिक नाकेबंदी कर धरने पर बैठे हैं। जिसके कारण डोंगामहुआ से लिबरा तक लगी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई है। प्रबंधन पर सड़क, पानी, बिजली, फ्लाई ऐश, काम करने के बाद भुगतान न किया जाना, नौकरी जैसे कई महत्वपूर्ण आधारभूत मामलों में कोताही बरतने का आरोप है। ग्रामीणों ने यह भी बताया है कि कंपनी के ब्लास्ट के कारण उनके कच्चे मकान के खपरैल और दीवारों में दरार आ जाती है।

मगर कंपनी द्वारा इसका कोई भी समाधान नहीं किया जाता। जानकारी के अनुसार ग्रामीण कल सुबह से आर्थिक नाकेबंदी करते हुए सड़क किनारे डीसीपीपी गेट के पास धरना दे रहे हैं। जिससे खदान के अंदर जाने वाली गाड़ियां और फ्लाई ऐश परिवहन पर लगे सैकड़ो गाड़ियों के पहिए थम गए हैं। जिससे आवाजाही में परेशानी हो रही है और लिबरा तक गाड़ियों की लंबी कतार सड़क के दोनों किनारो पर लग गई थी।

# महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ उड़ीसा को जोड़ने वाली कारीडोर सड़क योजना को नेशनल हाईवे बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के नाम पर किया जावेः राजेंद्र गोलछा

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं धमतरी जिला भाजपा के मंत्री राजेंद्र गोलछा छ ग के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के आवास में स्थित कार्यालय में भेंट कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र दिए राजेंद्र गोलछा ने मेघा.मोहदी.सिंगपुर.दुगली स्वीकृत मार्ग जो कि फारेस्ट क्लीयरेंस के चलते अधुरा पड़ा है, उसे जल्द पूर्ण कराने की मांग की गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के कार्यकाल में विभिन्न प्रदेशों को जोड़ने के लिए कारीडोर सड़क योजना लागू की गई थी। जिसके तहत महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा प्रदेश को जोड़ने के लिए मानपुर मोहला भानुप्रतापपुर कांकेर नगरी होते हुए देवभोग उड़ीसा के लिए सड़क निर्माण किया गया था। यह सड़क वर्तमान में जर्जर स्थिति में है इस सड़क को ठीक करा कर नेशनल हाईवे सड़क निर्माण कराया जाए और इस सड़क का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के नाम में किया जावे। केरेगांव गट्टासिल्ली बिरगुडी मार्ग का निर्माण दो वर्ष पूर्व किया गया था। इस मार्ग में भारी वाहनों के चलते जर्जर हो चुका है इसका पुनर्निर्माण किया जावे। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जल्द ही उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# मरवाही विधानसभा अंतर्गत उत्तर मंडल मरवाही पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ⮜ मरवाही
www.dailypioneer.com

जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है' के बुलंद नारे के साथ भारतीय जनता पार्टी 23 जून को पूरे भारत में मुखर्जी जी के बलिदान को याद करता है। भारत की अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले ?महान शिक्षाविद्, चिन्तक व भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंडित मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पूरे पखवाड़े भर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकट्ठपेड़ट्ठमाँट्ठकेट्ठनाम अभियान का आगाज भी किया। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर डा शिव प्रताप राय जिला उपाध्यक्ष राकेश दीक्षित जिला मंत्री किशन सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह नहरेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा गोविंद गुप्ता जिला महामंत्री किसान मोर्चा कैलाश सोनी प्रकाश राय ओंकार ओट्टी अजय रजक लोकेश चंद्रा महेंद्र चंद्रा गणेश यादव कमलेश यादव सुरेश प्रमोद राय संदीप मिश्रा सावन राय विक्रांत राय लखन पटेल स हित कई कार्यकर्ताओं ने उपस्थित हो कर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया।।

# कलेक्टर से अंबेडकर वार्ड को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने की मांग किया

पायनियर संवाददाता ⮜ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत शिवरीनारायण में कुल 15 वार्ड हैं। इन वार्डों में वार्ड क्रमांक 01और 10 नगर पंचायत स्थापना वर्ष से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित रहा है। अर्थात ये दोनों वार्ड नवंबर सन् 2019 से पूर्व तक आरक्षित ही थे। सन् 2019 में हुए नगर पंचायत चुनाव से पूर्व नया परिसीमन करते हुए वार्ड क्रमांक 01 को सामान्य वर्ग और वार्ड क्रमांक 10 को पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है।अनुसूचित वर्ग के प्रबुध्द नागरिक डॉं. ए.आर.बंजारे का कहना है कि ऐसा करने के लिए कुछ चतुर चालाक लोगों ने कुछ घरों को इधर-उधर करते हुए वार्डों को नया रूप देने में सफल हो गए थे। यहां यह उल्लेखनीय है, कि, वार्ड क्रमांक 10 प्रारंभ से ही अंबेडकर वार्ड के नाम से नामांकित है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 में अधिकांशतः सारथी और शिकारी समुदाय के अनुसूचित जाति वर्ग के लोग ही निवासरत हैं। इसके बावजूद भी इन वार्डों को सामान्य और पिछड़े वर्ग के लिए तब्दील कर दिया जाना नगर पंचायत का पक्षपात पूर्ण और साजिश पूर्ण रवैया जान पड़ता है। आगामी नवंबर माह मे होने वाले पंचायत चुनाव को देखते हुए उक्त वार्डों को पुनः अनुसूचित वार्ड बनाने के लिए जिला कलेक्टर जांजगीर और नगर पंचायत शिवरीनारायण को स्थानीय प्रबुद्ध और सीनियर सिटीजन व अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ ए.आर. बंजारे ने 14/06/2024 को पत्र प्रेषित किया है। अतः अब कलेक्टर जांजगीर और नगर पंचायत शिवरीनारायण को चाहिए कि इस मांग को संज्ञान में लेकर वार्डों का परिसीमन जांच कर पुनः अनुसूचित वार्डों के रूप में तब्दील करने की कार्यवाही कर दिया जाना चाहिए।

# आईडीए के पदाधिकारियों ने किया योगाभ्यास कहा स्वस्थ मन के लिए योग है जरूरी

## अपने जीवन में योग को बढ़ावा देने की शपथ ली गई



पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पूरे भारत में योग दिवस मनाया जाता है। रायगढ़ में कई अलग अलग जगह पर योगाभ्यास के कार्यक्रम सपंन्न हुए। जहां 21 जून को दिव्य योगपीठ रायगढ़ के सहयोग से आईडीए रायगढ़ शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योगभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आईडीए के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और उन्होंने यह संदेश दिया कि योग हमारे जीवन में काफी महत्व रखता है। हर किसी को योग करना चाहिए। योग करने से मन व तन स्वस्थ रहता है। इसे एक दिन नहीं बल्कि हर दिन अपनी दिनचर्या शामिल करना चाहिए। बेहतर जीवन के लिए अपने जीवन और अभ्यासों में योग को बढ़ावा देने की शपथ भी ली गई। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में डॉ. हरीश वाई एस (अध्यक्ष आईडीए रायगढ़ शाखा), डॉ मुकेश भारती (मुख्य नियंत्रक डिवाइन योगपीठ) के साथ आईडीए की डॉ. चेतना एस, डॉ. नितीश पटेल, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. रवि कपूर, डॉ. सुनील रात्रे, डॉ. दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने योग आसन, योगाभ्यास किया।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र कार्यक्रम अंतर्गत तीन दिवसीय मूल्यांकन कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र कार्यक्रम अंतर्गत विगत 20 जून से तीन दिवसीय मूल्यांकन कार्यक्रम सिविल अस्पताल कुरुद में कलेक्टर नम्रता गांधी एवं मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर के सूक्ष्म मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न के निर्देशन में यह कार्यक्रम संचालित हुआ। ज्ञात हो कि इस प्रमाण पत्र कार्यक्रम के लिए सिविल अस्पताल कुरुद में संचालित सेवाओ में से 10 विभाग जिसमे आंतरिक रोगी विभाग, बाह्य रोगी विभाग, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, एन बी एस यू, पीडिया ओपीडी, पैथालॉजी विभाग, रक्त संग्रहण इकाई, फार्मेसी और सामान्य प्रसाशन विभाग को चिन्हाकित कर प्रत्येक विभागो को 8 भागो में विभाजित कर सेवा प्रावधान, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सहयोगी सहायता सेवाएँ, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम के आधार पर विभागवार चेकलिस्ट को डॉ रूपकुमार बोया,डॉ सौम्या मंडल,डॉ आनंद के द्वारा मूल्यांकन किया गया। सेवाओ का मूल्यांकन संधारित रेकॉर्ड्स, स्टाफ इंटरव्यू, मरीजों से पूछताछ एवम अस्पताल के विभाग का निरीक्षण कर किया गया। इस गुणवत्ता प्रमाण पत्र हेतु संस्था को प्रत्येक विभाग में 100 अंक में से 75 प्रतिशत अंक के साथ सभी कंसर्न क्षेत्रो में भी 75 प्रतिशत लाना आवश्यक है अगर सिविल अस्पताल कुरुद उंक्त मापदंडों में स्कोर प्राप्त करती है तो अस्पताल को सेवाओ के विस्तार के लिए प्रति बेड प्रति वर्ष 10000 की राशि प्राप्त होगी। इस प्रकार संस्था को 5 लाख की राशि मिलेगी, जिसका 75 प्रतिशत अस्पताल और मरीजों के सुविधाओ के अनुरूप विस्तार किया जा सकता है। विदित हो कि जिला धमतरी में चारो विकासखंडों में सर्वाधिक एनक्यूएएस सर्टिफाइएड हेतु कुरुद के स्वास्थ्य संस्था ने भाग लिया है अब तक कुरुद ब्लॉक में 2 PHC और V SHC ने यह गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके है एक SHC और सिविल अस्पताल कुरुद का परिणाम प्रतीक्षारत है। तीन दिवस तक संचालित इस मूल्यांकन गतिविधि में विभाग नोडल डॉ हेमराज देवांगन, डॉ जे पी दीवान, डॉ शीलरानी देवांगन, डॉ भूपेंद्र मरकाम,डॉ असवन, डॉ विक्रम शर्मा स्टेट सलाहकार, ऋषिकेश रात्रे, श्वेता स्वर्ण, डीपीएच एन, गिरीश कश्यप, होमेश्वर जोशी, कार्तिक कुमार, जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य कमल नारायण देवांगन, एवम गोकुल राम साहू, रोहित पाण्डेय खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ क्षितिज साहू विकासखण्ड नोडल अधिकारी अंधत्व, संजय साहू, राजेश भतपहरी, नर्सिंग इंचार्ज चितरेखा कुर्रे, निर्मला देवांगन,नेमा मार्कण्डेय, मालती साहू, मनोज देवांगन सहित समस्त नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ कार्यालयीन स्टाफ ,वार्ड बॉय, वार्ड आया, सफाई कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# शिक्षा अधिकारी मुंगेली एवं बीआरसी मुंगेली के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल बरेला जोन क्रमांक 3 विकास खंड मुंगेली द्वितीय चरण एफएलएन प्रशिक्षण के अंतिम दिवस मां सरस्वती की पूजा अर्चना, सूर्यकांत उपाध्याय बी आर सी मुंगेली की उपस्थिति में किया गया, एफएलएन प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सी के घृतलहरे, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा मुंगेली, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली एवं बीआरसी मुंगेली के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस अशोक कुमार कश्यप एपीसी मुंगेली ने शिक्षकों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया, यूं के शर्मा एपीसी मुंगेली ने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति एवं बच्चों को लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया, आकाश कुमार परिहार एवं संजय कुमार साहू एपीसी मुंगेली के द्वारा भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया, सूर्यकांत उपाध्याय बी आर सी मुंगेली के द्वारा एफएलएन के उद्देश्य को बताते हुए एक अच्छा शिक्षक के दायित्वों पर प्रकाश डाला गया, और स्तर सुधार के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया,आज का विषय नवा जतन, पुस्तकालय,ई जादूई पिटारा, बहुशिक्षण कक्षा, पद्धति आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया, विकास खंड मुंगेली में जोन क्रमांक 1 और 2 बी आर सी भवन मुंगेली में एवं जोन क्रमांक 3 बरेला विकास खंड मुंगेली में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, लक्ष्य 180 में 177 प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे, डी आर जी के रूप में जिला राम यादव, गौकरण डिंडोले, गनेश कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर उपाध्याय, ब्रजेश्वर मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद साहू, अभिताभ शर्मा, गजपाल साहू, रविकांत पूरी गोस्वामी, आज के इस प्रशिक्षण में सी ए सी, उमेश कुमार कश्यप, मनोज कुमार साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, शत्रुघ्न साहू, नैन दास बंजारे,, खिरेंद्र साहू, प्रवीण कुमार मिश्रा, विजय कुमार निर्मलकर, महेंद्र कुमार पोर्ते, संजय कुमार जायसवाल, ज्योतिष शर्मा, रामकुमार सारथी, गौरव पांडेय, प्रकाश कश्यप,आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## 'जनप्रतिनिधियों, आम नागरिको को दी गई जानकारी, 01 जुलाई से होगा लागू'

# नवीन कानून के संबंध में कम्युनिटी हॉल में कार्यशाला का हुआ आयोजन'

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला मुख्याल स्थित कम्युनिटी हॉल में भारतीय न्याय व्यवस्था अंतर्गत परिवर्तित किए गए 03 नवीन कानूनों से आम नागरिको को अवगत कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए वर्तमान कानूनों द्वारा दंड के स्थान पर न्याय को वरीयता देने, पुलिस व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, कम्युनिटी पुलिसिंग आदि विषयों पर प्रकाश डाला। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने नवीन कानूनों से अपराध पर त्वरित नियंत्रण के बारे में बताया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने नवीन कानूनों तथा उसके प्रावधानों के संबंध में शहर के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा आमजनो को संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नाम से लाए गए ये नए कानून क्रमशः इंडियन पीनल कोड 1860, क्रिमिनल प्रोसिजर कोड 1898 तथा इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 का स्थान लेंगे। उक्त नवीन कानून आगामी 01 जुलाई से अधिनियमित होंगे। शुक्ला द्वारा पुराने कानूनों की औपनिवेशिक सोच से हटकर वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार वर्तमान कानूनों की आवश्यकताओं तथा उनके प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। इलेक्ट्रॉनिक समन, सामुदायिक सेवा, ई-एफआईआर, मॉब लिंचिंग, न्यायदल, वीडियोग्राफी द्वारा साक्ष्य जैसे नवीन स्वरूपों के बारे में बताया गए। कार्यशाला में महिला जागृति मंच, वरिष्ठ नागरिक संघ, रोट्रेट क्लब आदि के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण तथा मीडियाकर्मियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, चैंबर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, पार्षद जितेंद्र दावड़ा, अरविंद वैष्णव,अमितेश आर्य, रामशरण यादव, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, रोट्रेट क्लब अध्यक्ष दिनेश गोयल, वरिष्ठ नागरिक संघ अध्यक्ष सोलंकी, शीला जायसवाल, सरिता वाजपाई सहित विभिन्न संस्थाओं के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं, व्यापारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यशाला का लाभ लिया। नागरिकों के द्वारा नवीन कानूनों से परिचय कराने संबंधी कार्यशाला के आयोजन को जनता के लिए अत्यंत लाभदायक बताया तथा जिला प्रशासन के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर एसडीओपी घृतलहरे, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, सीएमओ अनुभव सिंह, नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश सोनी उपस्थित रहे।

# धरमजयगढ़ के संतोष नगर के पास पहुंचे गजराज ग्रामीणों को सावधानी बरतने की दी जा रही सलाह



पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में शनिवार की रात एक नर हाथी संतोष नगर के पास विचरण कर रहा है जो अनिल ढाबा के आगे से रायगढ़ रोड को पार किया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार लामबहरी, तेंदूमार या शेरबन की ओर आगे बढ़ सकता है जिनके यहां कटहल के फल लगे हैं विशेष सावधानी बरतनें तथा धरमजयगढ़ से ओंगना और लामबहरी मार्ग में सावधानी पूर्वक आवागमन करने की समझाईश दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री साय ने तोखन साहू का अपने निवास में आत्मीय स्वागत किया

## केंद्रीय राज्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्यमंत्री साहू का अपने निवास में आत्मीय स्वागत किया और उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय राज्यमंत्री साहू के साथ छत्तीसगढ़ में आवास और शहरी विकास की योजनाओं को गति देने से संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित केंद्रीय राज्यमंत्री साहू के साथ आए बिलासपुर, लोरमी, तखतपुर, मुंगेली क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री ने बस्तर गोंचा पर्व बस्तर सहित प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने ट्वीटर एक्स के माध्यम से बस्तर गोंचा पर्व की शुरुआत पर बस्तर सहित समस्त प्रदेशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा हम सब पर सदैव बनी रहे एसी कामना की है। मुख्यमंत्री ने विश्वप्रसिद्ध बस्तर गोंचा पर्व की शुरुआत पर बस्तर सहित समस्त प्रदेशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि 617 वर्षों से मनाए जा रहे बस्तर गोंचा पर्व में जगदलपुर के जगन्नाथ मंदिर में चंदन जात्रा पूजा विधान किया गया और देव विग्रहों को चंदन से स्नान कराया गया। इस पर्व के अंतर्गत अनवरत 27 दिनों तक विभिन्न धार्मिक रस्में निभाई जाएंगी।

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा अलंकृत पुस्तक चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान का हुआ विमोचन

## डॉ. आशा आजाद, उर्मिला देवी और सुषमा पटेल जैसी प्रतिष्ठित कवयित्रियों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान, छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित कार्यक्रम मे 'चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान ग्रंथ' का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 'चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान ग्रंथ' भारतीय चंद्र मिशन पर पहली काव्य पुस्तक हैस जिसे गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हैस इस 150 पृष्ठ के ग्रंथ के संपादक डॉ. आशा आजाद 'कृति' मानिकपुर कोरबा एवं उर्मिला देवी 'उर्मि' रायपुर, छत्तीसगढ़ के सहयोग से तैयार किया है। यह काव्य साझा संकलन भारत देश को समर्पित है, जिसे मूर्त रूप देने में विश्व स्तर के 123 साहित्यकारों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें राजधानी की कवयित्री सुषमा पटेल भी शामिल हैं, जिन्होंने 'सपना साकार हुआ' के माध्यम से अपना योगदान दिया। इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट साहित्य सेवी अलंकरण से अलंकृत किया गया है। देश की उपलब्धियों को समर्पित इस पुस्तक में उत्कृष्ट काव्य संकलन के कारण गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड, राज्यस्तरीय सम्मान (छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग) विश्व कीर्तिमान ग्रंथ, गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान और वैदिक प्रकाशन द्वारा भी सम्मानित किया गया। 'चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान' एक विश्वस्तरीय विशाल काव्यमयी साझा संकलन है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं वरन देश-विदेश से भी इस विषय विशेष पर अपनी रचनाओं के माध्यम से 'चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान' में अपनी रचनाओं के माध्यम से इस काव्य संकलन को अलंकृत है। विश्वस्तर के 123 साहित्यकार सम्मिलित है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 100 साहित्यकार एवं भारत के विभिन्न राज्यों से 21, आस्ट्रेलिया से 01 एवं अमेरिका से 01 साहित्यकारों ने अपना काव्य सृजन कर विश्व कीर्तिमान में अपना विशेष योगदान दिया है। यह विशाल काव्यमयी साझा संकलन भारत की उपलब्धि पर भिन्न-भिन्न अभिव्यक्तियों पर आधारित है।

# सुकमा को 132/33 केवी पॉवर ट्रांसफार्मर की सौगात, 394 गांवों-62000 उपभोक्ताओं को लाभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य के आदिवासी बहुल सघन वनांचल में स्थित दक्षिण बस्तर जिले को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर विद्युत विकास की नई सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अनुसूचित क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं, सचिव ऊर्जा तथा स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष पी. दयानंद के मार्गदर्शन में सुकमा में 40 एमवीए क्षमता का 132/33 केवी अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा ऊर्जीकृत कर दिया गया है। साय और दयानन्द ने इस नई उपलब्धि के लिये दक्षिण बस्तर की जनता को बधाई दी है। इस अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के प्रारंभ होने से 394 गांवों यथा छिंदगढ़, नेतानार, तोंगपाल, सुकमा, गादीरास सहित विभिन्न गांवों के 62,000 से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एम डी राजेश कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि के लिये मुख्य अभियंता लाइन तथा उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि स्टेट पॉवर कंपनी की पूंजीगत व्यय योजना के अंतर्गत किए गये इस महत्वपूर्ण कार्य से अंचल की विद्युत पारेषण प्रणाली को भी मजबूती मिलेगी । इससे आदिवासी अंचल में विद्युत आधारित व्यावसायिक एवं गैर व्यावसायिक कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शिक्षा,स्वास्थ्य व गृहस्थ जीवन में बेहतरी के नये रास्ते बनेंगे। इस अवसर पर अविनाश सोनेकर, मुख्य अभियंता, वी ए देशमुख, अधीक्षण अभियंता, बी आर नाग, डी एस कतलम, उमाकांत यादव, उग्रसेन डडूरिया, एच के टोप्पो सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 71वीं पुण्यतिथि पर रायपुर विधायक राजेश मूणत, पार्षद मृत्युंजय दुबे, संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा एवं गणमान्य नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत गणराज्य के प्रथम उद्योग मन्त्री रहे शिक्षाविद, बैरिस्टर, समाज सुधारक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उनकी 71 वीं पुण्यतिथि पर राजधानी शहर के जीईमार्ग पर शारदा चौक के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन नम्बर 2 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त एवं गरिमामयी आयोजन में पहुंचकर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य रूप से पण्डित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड के पार्षद मृत्युंजय दुबे, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्त्ता राजीव अग्रवाल, अशोक पाण्डेय सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कर्यकर्ताओं, महिलाओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 71वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# मानसून की दस्तक के बाद मौसम विभाग का अलर्ट, भारी बारिश की चेतावनी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मानसून द्रोणिका के प्रभाव से 26 जून से छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, लेकिन उसके बाद दो दिन बारिश थोड़ी कम होगी। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। विभाग का कहना है कि मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा और बादल छाने के साथ ही बारिश भी होगी। बादल व बारिश के चलते बीते तीन दिनों में रायपुर का अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री गिरा है। बारिश व बादल के कारण इन दिनों मौसम में ठंडकता आ गई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अधिकतम तापमान में गिरावट भी आ गई है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां लगातार अनुकूल बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किमी से 7.6 किमी ऊंचाई तक है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के बहुत से क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। 24 व 25 जून को बारिश की गतिविधि थोड़ी कम रहेगी। इसके बाद 26 जून से फिर से बारिश की गतिविधि लगातार बढ़ेगी।



रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में छत्तीसगढ़ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने सौजन्य मुलाकात की।

# अब राजधानी में नीट-जेईई की तैयारी करेंगे कोरबा के मेधावी छात्र : लखनलाल देवांगन

## मंत्री देवांगन ने विद्यार्थियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में रविवार को कोरबा कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के मेधावी विद्यार्थियों के लिए जेईई, नीट के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, महापौर नगर निगम राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थी एवं उनके पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। खनिज प्रभावित जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसे प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु व्यवस्था की गई है। यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाएं, आप सभी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, कार्ययोजना बनाकर परीक्षा की तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज से आपकी जिंदगी एक नया मोड़ ले रही है। आपके बेहतर कल की शुरुआत आज से हो रही है। अपने भविष्य को ऊँचे आयाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आपकी है। इस हेतु आप सभी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें। खुद पर पूर्ण विश्वास रखें, आने वाली चुनौतियो के लिए खुद को तैयार रखे, खूब मेहनत करें एवं अपने लक्ष्य को हासिल कर अपने परिवार, जिला एवं देश-प्रदेश का नाम पूरी दुनिया मे रौशन करें।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403